रजिस्ट्री सं० डी- 222 | REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 41] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 8, 1966 (आश्विन 16, 1888)

No. 41] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 8, 1966 (ASVINA 16, 1888)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस

NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 23 सितम्बर 1966 तक प्रकाशित किये गये :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published upto the 23rd September 1966 :—

अंक Issue No.	संख्या और तारीख No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
170	No. 129-ITC(PN)/66, dt. 17-9-66.	Min. of Commerce	Import of raw materials, components and spare parts by scheduled industries borne on the Books of the Directorate General of Technical Development for the period April 66—March/1967.
	No. 130-ITC(PN)/66, dt. 17-9-66.	Do.	Import of Electric Hoist Blocks S. No. 65(2)/V—Ban on
171	No. 131-ITC(PN)/66, dated 19th September 1966.	Do.	Import of tobacco from U.S.A. under the Agricultural Commodities Agreement between the U.S.A. and India under U.S. Title I of the Agricultural Trade Development and Assistance Act of 1954 as amended (U.S. P.L. 480).
172	No. EB/66/SC Rly/Notification dated 20th September 1966.	Min. of Railways	Formation of a new Railway Zone as South Central Railway out of the existing Central and Southern Railways from 2nd October 1966.
	सं० ई०बी०/66/एस०सी० रेलवे/ अधिसूचना दिनांक 20-9-66	रेल मंत्रालय	वर्तमान मध्य और दक्षिणी रेलवे के स्थान पर एक नये दक्षिण रेलवे नामक रेलवे क्षेत्र का 2-10-66 से उदघाटन
173	No. 132-ITC(PN)/66, dated 20th September 1966.	Min. of Commerce	Import of capital goods and other items under National Defence Remittance Scheme.
174	No. 73/3/EP (M&C)/66 dated 4th August 1966.	Do.	Technical Committee for Developing and Expanding the production of Cinchona and Quinine Products.
	सं० 733/ई०पी० (एम० एण्ड सी०)/66 दिनांक 4-8-66	वाणिज्य मंत्रालय	सिंकोना तथा क्विनिन उत्पादकों के उत्पादन का विकास तथा वृद्धि करने की तकनीकी समिति ।

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांगपत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय सूची (CONTENTS)

	पृष्ठ (Pages)
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबधित अधिसूचनाएं	641
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	909
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से संबधित अधिसूचनाएं	49
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	593
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—

	पृष्ठ (Pages)
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1699
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	2815
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .. .	233
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ-लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं ..	679
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें	375
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	137
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं .	643
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें	199
पूरक सं० 41—	
1 अक्टूबर 1966 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	1421
10 सितम्बर 1966 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से संबंधित आंकड़े .	1433

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations and Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	641
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	909
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions, issued by the Ministry of Defence	49
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Officers issued by the Ministry of Defence	593
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1699
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	2815
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	233
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	679
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	375
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	137
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	643
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies .	199
SUPPLIMENT No. 41—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 1st October 1966	1421
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 10th September 1966	1433

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence, and by the Supreme Court.

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 सितम्बर 1966

सं० 61प्रे-प्रेज०/66—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री शिव चरन सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
आगरा जिला,
उत्तर प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

23 फरवरी 1965 को यह सूचना मिली कि डाकू हर प्रसाद का दल, हरपाल गढ़ी गांव में डाका डालने वाला है अतः इन्हें पकड़ने के लिये तुरन्त ही एक पुलिस टुकड़ी को तैनात किया गया। श्री शिव चरन सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टुकड़ी ने डाकुओं का पता लगा लिया किन्तु पुलिस की मौजूदगी मालूम होने पर डाकू बिखर गये । फिर भी श्री सिंह ने यह देखने का कि झोंपड़ी में कोई डाकू शेष रह तो नहीं गया, निश्चय किया । जैसे ही वह दरवाजे के निकट पहुंचे उन पर गोली चलाई गई जिससे उनका बाया बाजू एवं जांघ घायल हो गये। इस अचानक हुए आक्रमण एवं घावों के बावजूद, श्री सिंह झोपड़ी में घुस गये और हर प्रसाद पर गोली चला कर उसे घायल कर दिया । डाकू बाहर भागा और पुलिस दल को बंदूक की लड़ाई में उलझा दिया । आगे हुई मुठभेड़ में हर प्रसाद और एक दूसरा डाकू जो झोपड़ी में थे, मारे गये ।

इस मुठभेड़ में, श्री शिव चरन सिंह ने उच्च कोटि की विशिष्ट वीरता, पहल शक्ति तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 फरवरी 1965 से दिया जाएगा ।

सं० 62-प्रेज/66—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री हरभजन सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
2री बटालियन, पंजाब सशस्त्र पुलिस,
पंजाब ।

श्री सन्तोख सिंह,
पुलिस कान्स्टेबल सं० 5097,
2री बटालियन, पंजाब सशस्त्र पुलिस,
पंजाब ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किये गये ।

26 फरवरी 1964 को, पुलिस उप-निरीक्षक हरभजन सिंह की कमान में एक छोटे पुलिस गश्ती दल पर जम्मू एवं कश्मीर में युद्ध विराम रेखा के पार से सशस्त्र आक्रमणकारियों ने आक्रमण कर दिया । बहुत कम संख्या के बावजूद, गश्ती दल ने मोर्चे संभाल लिये और आक्रमणकारियों को बहुत नजदीक परास पर उलझाये रखा। थोड़ी देर में एक हैड कान्स्टेबल की कमान में दूसरा गश्ती दल उप-निरीक्षक के साथ सम्मिलित हो गया । उसी समय आक्रमणकारियों के दूसरे गिरोह ने पुलिस पर हल्की मशीन गनों तथा राइफलों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी । आगे की मुठभेड़ में उप-निरीक्षक हरभजन सिंह तथा कान्स्टेबल सन्तोख सिंह ने अपनी रक्षा की परवाह किये बिना उत्कृष्ट साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और शेष पुलिस दल के लिये प्रेरणा के स्रोत हुए जिसने बलशाली लड़ाई की और आक्रमणकारियों को काफी क्षति पहुंचा कर उन्हें पीछे हटने पर बाध्य कर दिया। थोड़ी देर के बाद उप-निरीक्षक हरभजन सिंह एवं कान्स्टेबल सन्तोख सिंह, युद्ध विराम रेखा के पार से होने वाली भारी गोलीबारी के बावजूद, उन स्थितियों तक रेंग कर गये जहां आक्रमणकारियों का पहले अधिकार था और तीन मृतक आक्रमणकारियों के हथियार एवं गोला बारूद लेकर वापिस आये ।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री हरभजन सिंह एवं सन्तोख सिंह ने उच्च कोटि के विशिष्ट साहस एवं कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 फरवरी 1964 से दिया जायेगा ।

दिनांक 27 सितम्बर 1966

सं० 63-प्रेज/66—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते है :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री नकलेन तेमचेन आओ,
हवलदार, 1ली असम पुलिस बटालियन,
असम ।

श्री अविन्द्र संगम,
नायक, 1ली असम पुलिस बटालियन,
असम ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किये गये ।

8 अक्तूबर 1965 को प्रातः एक बजे के करीब असम पुलिस के एक गश्ती दल का लगभग 25 नागा विद्रोहियों से अचानक सामना हो गया । नायक अविन्द्र संगम ने, जो पुलिस दल के आगे थे, तुरन्त विद्रोहियों को राईफल की गोलीबारी में उलझा दिया और उनकी अग्रिम गारद को मार दिया । हवलदार नकलेन तेमचेन आओ जो नायक अविन्द्र संगम के बिलकुल पीछे थे, अपनी सुरक्षा की बिलकुल

परवाह न कर आगे भाग कर आये तथा विद्रोही गार्ड से बंदूक छीन ली और तब शेष विद्रोहियों पर गोलीबारी शुरू कर दी । इन दो पुलिस अधिकारियों के साहसपूर्ण आक्रमण ने न केवल संख्या में अधिक विद्रोहियों के दल को पीछे हटने से बाध्य कर दिया किन्तु उनमें से बहुत हताहत भी किये ।

श्री नकलेन सेमचेन आओ और श्री अविन्द्र संगम ने कठिन एवं भयंकर परिस्थिति में उच्च स्तर की कर्त्तव्यपरायणता, साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 अक्तूबर 1965 से दिया जायेगा ।

सं० 64-प्रेज०/66—राष्ट्रपति, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री पुल्ला वेंकट सुब्बा राव,
कम्पनी कमाण्डर (स्थानापन्न),
1 ली बटालियन, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस,
नीमच ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

9 मार्च 1966 को केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के कम्पनी कमाण्डर श्री पुल्ला वेंकट सुब्बाराव केन्द्रीय आरक्षित पुलिस की एक टुकड़ी के साथ असैनिक जीपों के एक सार्थ (कान्वाय) के संरक्षणार्थ जा रहे थे । जब यह सार्थ (कान्वाये) एक मोड़ को पार कर रहा था तो श्री राव ने सार्थ (कान्वाय) की ओर आते सशस्त्र व्यक्तियों के एक गिरोह को देखा । क्योंकि वे सशस्त्र व्यक्ति मणिपुर राइफल्स तथा असम राइफल्स के समान वर्दी पहने हुए थे अतः श्री राव पूछ-ताछ करने के लिए अपनी गाड़ी से उतरे । इसी क्षण एक सशस्त्र व्यक्ति ने अपनी राइफल में गोली भरी । इन सशस्त्र व्यक्तियों की सवाशयता पर संदेह करते हुए श्री राव ने कुशाग्र बुद्धि के साथ अपने व्यक्तियों को मोर्चे संभालने का आदेश दिया । विद्रोहियों ने हल्की मशीन गनों तथा 2 मार्टरों के साथ भारी गोली वर्षा शुरू कर दी । विरोधियो के मुकाबले में बहुत कम संख्या में होने के बावजूद श्री राव के नेतृत्व में केन्द्रीय आरक्षित पुलिस की टुकड़ी अपनी-अपनी स्थितियों पर डटी रही और विद्रोहियों को पीछे हटने पर बाध्य कर दिया ।

इस मुठभेड़ में, श्री पुल्ला वेंकट सुब्बा राव ने उत्कृष्ट साहस, पहल शक्ति तथा नेतृत्व का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है ।

सं० 65-प्रेज०/66—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री भीकाजी निकम,
नायक सं० 773,
1ली बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस,
नीमच ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

27 फरवरी 1966 को श्री भीकाजी निकम एक सार्थ (कान्वाय) की रक्षार्थ जा रहे थे जब इस पर विद्रोहियों ने आक्रमण कर दिया । अग्रिम गाड़ी का एक कान्स्टेबल मारा गया और अन्य चार को गहरी चोटें आईं । नायक भीकाजी निकम जोकि पीछे की गाड़ी में था अपनी छोटी टुकड़ी के साथ आगे आया तथा उसने स्थिति पर काबू पा लिया । इनके सुयोग्य नेतृत्व में, छोटी पुलिस टुकड़ी ने जो संख्या में बहुत कम थी, सुनियोजित आक्रमण को विफल कर दिया तथा विद्रोहियों को भारी संख्या में हताहत किया ।

इस मुठभेड़ में, नायक भीकाजी निकम ने उत्कृष्ट वीरता, पहल शक्ति तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 फरवरी, 1966 से दिया जायेगा ।

सं० 66-प्रेज०/66—राष्ट्रपति, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री लेख राम,
सूबेदार, 6ठी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस,
नीमच ।

श्री नरेश मिश्र,
पुलिस कान्स्टेबल सं० 6816,
6ठी बटालियन, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस,
नीमच । (स्वर्गीय)

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किये गये ।

7 अगस्त 1965 की रात को युद्ध विराम रेखा पार से आक्रमण-कारियों ने जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में स्थित गल्ली नामक स्थान पर सूबेदार लेख राम की कमान में केन्द्रीय आरक्षित पुलिस चौकी पर आक्रमण किया । केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के जवानों ने चौकी पर आक्रमणकारियों का बहादुरी से सामना किया और आक्रमण को विफल कर दिया । आगामी सप्ताह में चौकी पर आक्रमणकारियों ने भारी गोलाबारी कर काफी दबाव डालने के प्रयत्न जारी रखे । सूबेदार लेख राम के सुयोग्य नेतृत्व में, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस ने आक्रमणकारियों को दूरी पर रखा और जब चौकी घेरे में आ गई तो बिना पर्याप्त अन्न एवं जल के उन्होंने 15 अगस्त 1965 तक शूरवीरता से प्रतिरोध जारी रखा जब दुर्भाग्य-वश उन्हें चौकी छोड़नी पड़ी ।

भारी एवं केन्द्रित गोलाबारी के दौरान सूबेदार लेख राम ने शत्रु का सामना करने के लिये बराबर एक बन्कर से दूसरे बन्कर में जा-जा कर अपने जवानों को उत्साहित कर, नेतृत्व का सुन्दर उदाहरण दिया ।

युद्ध के दौरान कान्स्टेबल नरेश मिश्र का बन्कर एक राकेट से बुरी तरह नष्ट हो गया । इसके विपरीत, वह अपनी चौकी पर डटे रहे और तब तक गोलीबारी जारी रखी जब तक कि उनकी घावों से मृत्यु न हो गई ।

2. ये पदक राष्ट्रपति के पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 अगस्त 1965 से दिया जायेगा ।

सं० 67-प्रेज०/66—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री पिरथी,
स्वीपर सं० एफ०/513,
6ठी बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस,
नीमच ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

7 अगस्त 1965 की रात को युद्ध विराम रेखा पार से आक्रमणकारियों ने जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में स्थित गल्ली नामक स्थान पर सूबेदार लेखराम की कमान में केन्द्रीय आरक्षित पुलिस चौकी पर आक्रमण किया। केन्द्रीय आरक्षित पुलिस के जवानों ने चौकी पर आक्रमणकारियों का बहादुरी से सामना किया और आक्रमण को विफल कर दिया। आगामी सप्ताह में चौकी पर आक्रमणकारियों ने भारी गोलाबारी कर काफी दबाव डालने के प्रयत्न जारी रखे। सूबेदार लेखराम के सुयोग्य नेतृत्व में, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस ने आक्रमणकारियों को दूरी पर रखा और जब चौकी घेरे में आ गई तो बिना पर्याप्त अन्न एवं जल के उन्होंने 15 अगस्त 1965 तक शूरवीरता से प्रतिरोध जारी रखा जब दुर्भाग्यवश उन्हें चौकी छोड़नी पड़ी।

इस लड़ाई के दौरान, स्वीपर पिरथी ने एक घायल जवान की राईफल उठा ली और गोलीबारी करने में उसके स्थान पर डट गया। वह अपनी सुरक्षा की परवाह न कर, गोलियों से आच्छादित क्षेत्र में, स्वेच्छा से गोला बारूद के बक्सों को ले कर एक बन्कर से दूसरे बन्कर में जाता रहा।

स्वीपर पिरथी ने उत्कृष्ट साहस और उदाहरणीय कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 अगस्त 1965 से दिया जायेगा।

दिनांक 29 सितम्बर 1966

सं० 75-प्रेज़०/66—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री ओम प्रकाश,
पुलिस कान्स्टेबल सं० 20/765,
20वीं, बटालियन, पंजाब सशस्त्र पुलिस,
पंजाब। (स्वर्गीय)

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

1965 के आक्रमण के समय पंजाब सशस्त्र पुलिस की 20वीं बटालियन से सम्बद्ध कान्स्टेबल ओम प्रकाश फाजिल्का सेक्टर में सेना की यूनिटों के साथ तैनात थे। कान्स्टेबल ओम प्रकाश ने सेना जमाव के आगे स्थित निरीक्षण चौकी पर ड्यूटी के लिये स्वयं को प्रस्तुत किया और दोनों ओर से की जा रही गोलाबारी के बावजूद चौकी की रक्षा की और महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की। 19 सितम्बर, 1965 की रात्रि को दोनों ओर से गोलाबारी तेज़ हो गई किन्तु कान्स्टेबल ओम प्रकाश अपने मोर्चे पर डटे रहे और वीरगति को प्राप्त हुये।

कान्स्टेबल ओम प्रकाश ने साहस एवं कर्त्तव्यपरायणता का विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

2. यह पदक पुलिस नियमावली के यिम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 सितम्बर, 1965 से दिया जायगा।

दिनांक 30 सितम्बर 1966

सं० 68-प्रेज़/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्ति द्वारा प्रदर्शित अति असाधारण विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में उसको विशिष्ट सेवा मैडल "प्रथम श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

ब्रिगेडियर भूमि चन्द चौहान (आई० सी० 660)।

सं० 69-प्रेज़/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शित असाधारण विशिष्ट सेवाओं के उपलक्ष्य में उनको, विशिष्ट सेवा मैडल, "द्वितीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

कप्तान सुनील राजेन्द्र, आई० एन०।

लेफ्टिनेंट कर्नल जोगिन्दर सिंह खुराना (एम० आर० 423), ए० एम० सी०।

लेफ्टिनेंट कर्नल हरदेव सिंह क्लर (आई० सी० 993) सिगनल्स।

लेफ्टिनेंट कर्नल (कुमारी) स्टेल्ला डोमिनिका पिकारडो (एन० 18369), एम० एन० एस०।

लेफ्टिनेंट कर्नल कीथ शौर्टलैंड्स (आई० सी० 1564), आर्टिलरी।

मेजर हंस राज लूथरा (एम० आर० 779), आर्मी मेडिकल कोर।

सं० 70-प्रेज़/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को अगस्त-सितम्बर, 1965 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिय में प्रदर्शित वीरता के लिये "महावीर चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

1 मेजर-जनरल मोहिन्दर सिंह (आई० सी०-524), एम० सी०।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 सितम्बर 1965)

9 सितम्बर, 1965 को मेजर-जनरल मोहिन्दर सिंह ने लाहौर सेक्टर में एक इन्फैंट्री डिवीजन की कमान संभाली। उनके कमान सम्भालने के तुरन्त बाद उस डिवीजन को इच्छोगिल नहर की लड़ाई में कूदना पड़ा। अपने उत्साह, निश्चय तथा नेतृत्व से मेजर-जनरल मोहिन्दर सिंह ने इस विरचना में एक नया उत्साह पैदा कर दिया। अपनी सुरक्षा की परवाह किये बिना वह एक विरचना से दूसरी तक जाते रहे और अपने अधीनस्थ कमाण्डरों के सम्मुख कठिन कार्यों को पूरा करने के लिये एक उच्च उदाहरण प्रस्तुत किया।

9 सितम्बर से 23 सितम्बर, 1965 के मध्य मेजर-जनरल मोहिन्दर सिंह ने कुशल संक्रियात्मक योजनायें बनाईं तथा अदम्य साहस दिखाया तथा फलस्वरूप उनके अधीनस्थ इन्फैंट्री ब्रिगेड्स इच्छोगिल उत्तर पुल और डोगराई को अपने कब्जे में करने में सफल हुई।

2 लेफ्टिनेंट कर्नल सम्पूरन सिंह (आई० सी०-8041), वीरचक्र,
पंजाब रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 सितम्बर 1965)

हाजी पीर दर्रे पर कब्जा करने के बाद, कहूता को जाने वाली सड़क पर कब्जा करना आवश्यक हो गया। जब शत्रु की भारी शक्ति के कारण यह कार्य बहुत ही कठिन हो गया तो लेफ्टिनेंट कर्नल सम्पूरन सिंह को सामरिक महत्व के एक पहाड़ी स्थान पर कब्जा करने का कार्य सौंपा गया। यह स्थान एक इन्फैंट्री ब्रिगेड के अग्रिम स्थिति से सम्बन्ध स्थापित करता है। अपनी टुकड़ी के साथ वह तुरन्त आगे बढ़े तथा शत्रु पर हमला कर पहाड़ी को अपने कब्जे में कर लिया और इस प्रकार सम्बन्ध स्थापित कर लिया। अपनी सुरक्षा की परवाह न कर वह और आगे बढ़े तथा लगातार तीन हमले कर शत्रु को पीछे धकेल दिया।

इस सम्पूर्ण संक्रिया में लेफ्टिनेंट कर्नल सम्पूरन सिंह ने उच्च कोटि के उदाहरणीय साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

3 कप्तान कपिल सिंग थापा (आई० सी०-14682), जाट रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि–21 सितम्बर, 1965)

21/22 सितम्बर, 1965 की रात्रि को कप्तान कपिल सिंग थापा को डोगराई की लड़ाई में डोगराई गांव के उत्तरी-पश्चिमी किनारे पर कब्जा करने का कार्य सौंपा गया था। अपने सैनिकों के साथ वह स्वयं सुरंगें बिछे हुए भूभाग से होते हुए आगे बढ़े और शत्रु ठिकानों पर आक्रमण किया। उन्होंने शत्रु पर ग्रेनेडों तथा संगीनों से प्रहार किये और अपने लक्ष्य पर अधिकार कर लिया, किन्तु मुठभेड़ में वे स्वयं वीरगति को प्राप्त हुए।

कप्तान कपिल सिंग थापा ने उत्कृष्ट वीरता तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप है।

4. जे० सी०-7526 सूबेदार टीकाबहादुर थापा, गोरखा राईफल्स। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि–30 सितम्बर 1965)

सूबेदार टीकाबहादुर थापा गोरखा राइफल्स की बटालियन की एक कम्पनी के प्रवर जे० सी० ओ० थे। इस कम्पनी को जम्मू तथा कश्मीर में कुछ लक्ष्यों से शत्रु को हटाने का कार्य सौंपा गया था। इन लक्ष्यों को पाकिस्तानी सेना ने युद्ध-विराम के पश्चात् दबा लिया था। जब सूबेदार थापा ने लक्ष्यों पर कब्जा कर लिया तो शत्रु ने उनकी कम्पनी पर जवाबी हमला किया, जिसको विफल कर दिया गया। शत्रु ने जब दूसरा जवाबी हमला किया तो सूबेदार थापा ने अपने दो साथियों के साथ धावा बोला और शत्रु को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस मुठभेड़ में जब तोपखाने से संचार व्यवस्था टूट गई तो वह स्वयं एक दूसरी स्थिति से एक मार्टर ले आये और अकेले ही गोला-बारी की, किन्तु अचानक उन्हें शत्रु की एक गोली लगी। गहरा घाव होने के बावजूद वह फायर करने का आदेश देते रहे और इस प्रकार शत्रु को आगे बढ़ने से रोक दिया, किन्तु जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हुए।

सूबेदार टीकाबहादुर थापा ने उदाहरणीय साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया जो भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप है।

5. लेफ्टिनेंट कर्नल संत सिंह (आई० सी०—5479), सिख लाईट इन्फैंट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—2 नवम्बर 1965)

2/3 नवम्बर, 1965 की रात्रि को लेफ्टिनेंट कर्नल संत सिंह को एक लक्ष्य से पाकिस्तानी सेना को हटाने का कार्य-भार सौंपा गया था जिस पर शत्रु ने युद्ध-विराम की अवहेलना कर कब्जा कर लिया था। यह एक कठिन स्थान था और शत्रु द्वारा भली प्रकार सुरक्षित था। शत्रु द्वारा बिछाई हुई सुरंगों तथा गोला-बारी के बावजूद लेफ्टिनेंट कर्नल संत सिंह अपने आदमियों को लेकर आगे बढ़े और शत्रु पर धावा बोल दिया और हाथों-हाथ लड़ाई के बाद उन्होंने शत्रु को लक्ष्य से खदेड़ दिया। उसके बाद अपनी स्थिति का लाभ उठाते हुए वह शत्रु की तोपों और स्वचालित हथियारों से होने वाली गोला-बारी के बावजूद एक बंकर से दूसरे बंकर में गये और अपने सैनिकों को उत्साहित कर एक और लक्ष्य से शत्रु को भगा दिया जिसे पाकिस्तानी सेना ने दबा लिया था।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेंट कर्नल संत सिंह ने उच्चकोटि के उत्कृष्ट साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

स० 71-प्रेज/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति को वीर चक्र का बार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

1. लेफ्टिनेंट कर्नल सतीश चन्द्र जोशी, (आई० सी० 5054), वीर चक्र, सेन्ट्रल इन्डिया हार्स। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 सितम्बर 1965)

सेन्ट्रल इन्डिया हार्स के कमांडिंग अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल सतीश चन्द्र जोशी को बर्की पर अधिकार करने के लिये एक सिख बटालियन को समीपवर्ती सहायता देते हुए खालरा-लाहौर सड़क के साथ आगे बढ़ने और उसके बाद इच्छोगिल नहर के पूर्वी किनारे पर पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन के साथ आगे बढ़ते रहने का कार्य-भार सौंपा गया। उनके निर्देशन में उनके सैनिकों ने 10/11 सितम्बर, 1965 की रात्रि को सिख रेजिमेंट की बटालियन को बर्की पर अधिकार करने में बड़ी उपयोगी सहायता दी। उसके बाद शत्रु सुरंगों के बिछे हुए भूभाग के कारण कुछ समय के लिये उनका आगे बढ़ना रुक गया। लेफ्टिनेंट कर्नल जोशी स्वयं आगे गये तथा शत्रु सुरंगों के बीच किसी सुरक्षित रास्ते की खोज करने का प्रयत्न किया। किन्तु ऐसा करते समय उनका टैंक एक शत्रु सुरंग से बेकार हो गया। शत्रु की भारी लगातार गोला-बारी की उपेक्षा कर वह बर्की तक पैदल गये और एक जीप ली। जीप को लेकर स्वयं उन्होंने नहर के किनारे सुरंगों के मध्य सुरक्षित रास्ते की खोज की। उनके कार्य से उत्साहित टैंक चालकों ने इन्फैंट्री को अपना कार्य पूरा करने में बहुत ही उपयोगी सहायता दी। लेफ्टिनेंट कर्नल जोशी की जीप एक सुरंग पर जाने से उड़ गई तथा वह बुरी तरह घायल हो गये और बाद में उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेंट कर्नल सतीश चन्द्र जोशी ने उच्च कोटि के उदाहरणीय साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

सं० 72—प्रेज/66—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी वीरता के लिए "वीर चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:—

1. 4144088–पी०ए०/नायक राम कुमार, कुमाऊं रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 अगस्त 1965)

7 अगस्त, 1965 को नायक राम कुमार कुमाऊं रेजिमेंट के दो सेक्शनों में से एक सेक्शन के कमांडर थे, जो करालपुर पुल पर सुरक्षात्मक कार्य पर था। लगभग 11-30 बजे रात्रि शत्रु ने करालपुर गांव से गोला-बारी प्रारम्भ कर दी और पुल पर राकेट फेंके। गांव वालों को जानी नुकसान से बचाने के लिए नायक राम कुमार को कम दूरी पर मार करने वाले शस्त्रों का प्रयोग करना पड़ा। इसी बीच उनके सेक्शन के काफी सैनिक हताहत हो गए और उनका कमांडर जख्मी हो गया। अपनी सुरक्षा की परवाह न कर वह कमांडर को पुल से दूर उठा ले गए। वह स्वयं भी ग्रेनेडों के टुकड़ों से जख्मी हो गए। इसके बावजूद नायक राम कुमार शत्रु के उस दस्ते की ओर बढ़े जो पुल को नष्ट करने जा रहा था। वह एक शत्रु सैनिक से भिड़ गए तथा एक हथ-गोला फेंका जिससे पुल तोड़ने का सामान लाने वाला शत्रु सैनिक जख्मी हो गया और दूसरे भाग गए। किन्तु अपने ही हथगोले के फटने के कारण स्वयं नायक राम कुमार की मृत्यु हो गई।

नायक राम कुमार ने अटट साहस तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

2. मेजर रनबीर सिंह (आई० सी०—11072), पंजाब रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 अगस्त 1965)

9/10 अगस्त, 1965 की रात्रि को मेजर रनबीर सिंह के नेतृत्व में उड़ी सेक्टर में घुसपैठियों को पकड़ने के लिए एक टोह टुकड़ी को भेजा गया। घुसपैठियों ने इस टोह टुकड़ी पर दो स्थानों से गोली-बारी आरम्भ कर दी। अपने दो सेक्शनों को रक्षात्मक गोली-बारी करने का आदेश देकर, मेजर रनबीर सिंह एक दूसरे सेक्शन को शत्रु के पीछे की स्थिति में ले गए। तब उन्होंने बड़ी तेजी से शत्रु शक्ति पर हमला किया,

जो उनसे अधिक तादाद में थे, तथा उसे तहस-नहस कर दिया और उनके अनेक स्वचालित हथियार अपने कब्जे में कर लिए।

पुनः 21 सितम्बर, 1965 को मेजर रनबीर सिंह को जम्मू तथा कश्मीर में एक लक्ष्य पर कब्जा करने का आदेश दिया गया। जब वह लक्ष्य के समीप आए तो उन्हें शत्रु की भारी गोला-बारी का सामना करना पड़ा तथा उनकी दोनों टांगें जख्मी हो गईं। जख्मी होने के बावजूद वह अपनी टुकड़ी को आगे ले गए किन्तु शत्रु की एक गोली उनकी छाती में लगी और वह वीर गति को प्राप्त हुए। फिर भी उनकी टुकड़ी ने लक्ष्य पर कब्जा करने के साथ-साथ बहुत से स्वचालित हथियार तथा बेतार-के-तार के उपकरणों को अपने अधीन कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर रनबीर सिंह ने वीरता, सूझ-बूझ तथा नेतृत्व का परिचय दिया जो सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप है।

3. लेफ्टिनेंट कर्नल आर० एन० मिश्रा (आई० सी० 2489), पंजाब रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—23 अगस्त, 1965)

23 अगस्त, 1965 को लेफ्टिनेंट कर्नल आर० एन० मिश्रा गौहरा पर एक बटालियन के हमले की कमान कर रहे थे जिस पर शत्रु ने हमारी भूमि में आए घुसपैठियों से सम्पर्क व्यवस्था बनाये रखने के लिए कब्जा कर लिया था। तोपखाने और मझौली मशीन-गन की विरोधी गोला-बारी के बावजूद लेफ्टिनेंट कर्नल मिश्रा ने अपनी बटालियन को आगे बढ़ाया तथा गौहरा पर कब्जा कर लिया। इस प्रकार हमारे सैनिको का कालीधर से सम्पर्क हो गया। उसके बाद जब शत्रु ने कालीधर चौकियों पर निर्धारित हमले किए तो लेफ्टिनेंट कर्नल मिश्रा ने अपने सैनिकों को अपनी स्थिति पर डटे रहने के लिए उत्साहित किया और उन्होंने हमारे सैनिकों को उस क्षेत्र से हटाने के लिए किए गए शत्रु के सारे प्रयत्न विफल फलकर दिए।

सम्पूर्ण कार्यवाही में लेफ्टिनेंट कर्नल आर० एन० मिश्रा ने उच्च-कोटि के साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

4. 3353717 सिपाही गुरमेल सिंह, सिख रेजिमेंट। **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—25 अगस्त, 1965)

25 अगस्त, 1965 को जम्मू तथा कश्मीर में शत्रु की एक स्थिति पर हमारी एक कम्पनी का प्रहार अवरुद्ध हो गया, क्योंकि इस स्थिति पर पहुंचने का एक मात्र रास्ता शत्रु की मझौली तथा हल्की मशीन-गनों की गोला-बारी से आच्छादित था। सिपाही गुरमेल सिंह, जो अगले सेक्शन में थे, आगे बढ़े तथा सीधे शत्रु की हल्की मशीन-गन पर धावा बोला और उसकी नली पकड़ कर ऊपर खींचा किन्तु ऐसा करते समय शत्रु की हल्की मशीन-गन के एक विस्फोट से उनकी मृत्यु हो गई।

सिपाही गुरमेल सिंह ने उदाहरणीय साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया जो सेना के उच्च परम्पराओं के अनुरूप हैं।

5. ऐक्टिंग कप्तान मूर्ती दुरिन्द्रा नायडू, (ई० सी० 51623), आर्टीलरी रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—26 अगस्त, 1965)

कप्तान मूर्ती दुरिन्द्रा नायडू पैराशूट रेजिमेंट की एक बटालियन की अग्र-गामी कम्पनियों में से एक कम्पनी के अग्रिम प्रेक्षण अफसर थे। इस बटालियन ने जम्मू तथा कश्मीर में शत्रु के एक स्थान पर 26/27 अगस्त, 1965 को आक्रमण किया। जब अग्रिम कम्पनियां शत्रु की मझौली मशीन-गनों की भारी गोला-बारी में आ गईं तथा हमारे सैनिकों का आगे बढ़ना कठिन हो गया तो कप्तान नायडू ने एक सुस्थिति लेकर तोपखाने से प्रभावी गोला-बारी की जिससे हमारी बटालिन ने अपने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया। पुनः 20 सितम्बर, 1965 को वह अपनी बटालियन की एक अग्र-गामी कम्पनी के साथ थे जिसे एक दूसरे लक्ष्य पर कब्जा करना था। कप्तान नायडू शत्रु की भारी गोला-बारी एवं मझौली मशीन-गनों के सम्मुख बाहर आए तथा एक सुस्थिति ली और वहां से तोपखाने को ठीक निशानों पर मार करने के आदेश दिए। इस कार्यवाही में वह सख्त घायल हो गए किन्तु स्थिति की गम्भीरता का अनुमान कर उन्होंने अपने को वहां से निकाले जाने से इन्कार कर दिया और करीब 3 घंटे तक गोली चलाते रहे तथा उसके बाद बेहोश हो गए। उनकी साहसिक कार्यवाही ने पैदल सेना को शत्रु के लगातार जवाबी हमलों को विफल करने में समर्थ बनाया।

सम्पूर्ण सक्रिया में ऐक्टिंग कप्तान मूर्ती दुरिन्द्रा नायडू ने साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया जो सेना की उच्च-परम्पराओं के अनुरूप है।

6. लेफ्टिनेंट कर्नल मदन लाल चड्ढा (आई० सी०-2303), पैराशूट रेजिमेंट। **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 अगस्त, 1965)

लेफ्टिनेंट कर्नल मदन लाल चड्ढा हाई आल्टीचूड वारफेयर स्कूल, जम्मू तथा कश्मीर, के कमान्डेंट थे। यह खबर मिलने पर कि पाकिस्तानी घुसपैठिए महत्वपूर्ण श्रीनगर-लेह सड़क को प्रयोग करने वाले हमारे सैनिकों की कार्यविधियों में हस्तक्षेप कर रहे हैं, उन्होंने घुसपैठियों के विरुद्ध समीप-सुरक्षा तथा अक्रामक कार्यवाही के लिए सोनेमार्ग में एक गैरिजन का संगठन किया। उन्होंने शत्रु के सभी सम्भावित रास्तों पर प्रबल गश्त का प्रबन्ध किया तथा इस प्रकार सार्थी (कानवाय) के लिए सुरक्षित रास्ता बनाया। अन्य दो अवसरों पर लेफ्टिनेंट कर्नल चड्ढा ने शत्रु पर हमला करने के लिये अपने सैनिकों का अग्र-गमन किया। हमले से 6 शत्रु सैनिक मारे गए तथा शेष हथियार और गोला-बारूद छोड़कर भाग गए। एक बार लेफ्टिनेंट कर्नल चड्ढा को आदेश हुआ कि वह एक कार्य के लिए, जिसमें सोनेमार्ग से श्रीनगर की ओर 30 मील तक 12,000 फीट तक की ऊंचाई पर कार्य करना था, स्कूल के साधनों से एक तदर्थ कम्पनी को तैयार करें। जब एन० सी० ओ० विद्यार्थी और एन० सी० ओ० प्रशिक्षकों से बनी हुई कम्पनी एक पुल के पास पहुंची तो वह शत्रु की गोला-बारी में आ गई। लेफ्टिनेंट कर्नल चड्ढा ने तेजी से अपने आदमियों को संगठित किया तथा शत्रु को पीछे खदेड़ दिया। जब कम्पनी और आगे बढ़ी तो शत्रु ने अग्रिम प्लाटून पर गोला-बारी की। जब लेफ्टिनेंट कर्नल चड्ढा अपने सैनिकों को कार्यवाही के लिए आदेश देने तथा उन्हें स्थितियों पर लगाने का कार्य कर रहे थे तो शत्रु की एक गोली उन्हें लगी तथा उनकी मृत्यु हो गई।

सम्पूर्ण कार्यवाही में लेफ्टिनेंट कर्नल मदन लाल चड्ढा ने साहस, पहल-शक्ति तथा सूझ-बूझ का प्रदर्शन किया।

7. कप्तान चितूर सुबरामनियम कृष्णन्, (आई० सी० 8590), आर्टिलरी रेजिमट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर, 1965)

1 सितम्बर, 1965 को जब पाकिस्तानी सेना ने छम्ब क्षेत्र में एक भारी हमला किया तो कप्तान चितूर सुबरामनियम कृष्णन् ने शत्रु तोपखाने का पता लगाने के लिए इस क्षेत्र पर उड़ान की। शत्रु गोला-बारी की परवाह न कर उन्होंने शत्रु तोपों पर वार किए और उन्हें शान्त कर दिया।

जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में वायु संक्रिया उड़ानों के कमान अफसर होने के नाते कप्तान कृष्णन् ने अपनी उड़ान से घुसपैठियों पर तोपखाने से गोला-बारी करने का निर्देशन किया और उनमें से बहुतों को हताहत किया। इस दौरान उन्होंने करीब 60 घंटों की उड़ानें कीं जिसमें 45 घंटे की संक्रियात्मक उड़ानें थीं।

इस कार्यवाही में कप्तान चितूर सुबरामनियम कृष्णन् ने उच्च-कोटि के साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

8. जे० सी०—16959 नायब सूबेदार दाम्बर बहादुर खत्री, गोरखा राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर 1965)

1 सितम्बर, 1965 को एक कम्पनी, जो सोनेमार्ग की ओर आगे बढ़ रही थी, शत्रु घुसपैठियों द्वारा घेर ली गई। अग्रिम प्लाटून के कमान्डर नायब सूबेदार दाम्बर बहादुर खत्री को आदेश हुआ कि वह शत्रु अधिकृत एक पहाड़ी पर अपना कब्जा करें। उन्होंने उस पहाड़ी को अपने कब्जे में कर लिया और यह देख कर कि शत्रु उत्तर की ओर पीछे हट रहा है, उन्होंने उसका पीछा किया। उसके बाद पीछे हटते हुए शत्रु के साथ मुठभेड़ आरम्भ हो गई। अपनी रक्षा की परवाह न कर, नायब सूबेदार खत्री शत्रु की एक हल्की मशीन-गन के समीप गए तथा चालक को गोली से मार कर मशीन-गन को अपने कब्जे में कर लिया। उन्होंने और अनेक घुसपैठियों को मार गिराया।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार दाम्बर बहादुर खत्री ने उदाहरणीय साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया जो सेना की उच्च-परम्पराओं के अनुरूप हैं।

9. 4141048 हवलदार देवी प्रकाश सिंह, कुमाऊं रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर 1965)

छम्ब क्षेत्र में संक्रिया के समय, हवलदार देवी प्रकाश सिंह का बाजू अग्रिम स्थिति में एक प्लाटून की कमान करते समय शत्रु की गोली से जख्मी हो गया था। कम्पनी कमान्डर ने उन्हें आदेश दिया कि वह रेजिमेंटल सहायता चौकी पर जायें और वहां ठहरें। फिर भी वह अपने साथियों के साथ लड़ने के लिए गए तथा प्लाटून क्षेत्र पर पहुंचने पर देखा कि चार शत्रु टैंक उनकी स्थिति की ओर आ रहे हैं। अपनी चोट की परवाह न कर, उन्होंने शत्रु पर एक राकेट लांचर से निशाना साधा किन्तु इसके पहले कि वह फायर करते, उनकी कमर में शत्रु की ब्राउनिंग मशीन-गन की गोली लगी और वह जख्मी हो गए। वह फिर उठे और एक शत्रु टैंक पर गोला चला दिया। यह टैंक बाद में ध्वस्त किया गया। शत्रु के अन्य टैंक पीछे हट गए। इसके बाद हवलदार देवी प्रकाश सिंह चोटों के कारण वीर गति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में हवलदार देवी प्रकाश सिंह ने उदाहरणीय साहस, पहलशक्ति तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया जो सेना की उच्च-परम्पराओं के अनुरूप हैं।

10. 5834480 राईफलमैन धन बहादुर मल्ला, गोरखा राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 सितम्बर 1965)

1 सितम्बर, 1965 को गोरखा राईफल्स की एक कम्पनी सोनेमार्ग की ओर बढ़ते समय पाकिस्तानी घुसपैठियों के घेरे में आ गई। जब हमारी एक प्लाटून शत्रु का पहाड़ी पर पीछा कर रही थी तो शत्रु की एक हल्की मशीन-गन ने कुछ समय के लिए उसका आगे बढ़ना रोक दिया। राईफलमैन धन बहादुर मल्ला, जो दाहिनी सेक्शन में थे, घिसट कर आगे बढ़े और शत्रु की हल्की मशीन-गन की स्थिति के पीछे गए तथा गनर को संगीन से मार दिया। उसके बाद उन्होंने शत्रु को और पीछे भगाने के लिए उसी मशीन-गन का प्रयोग किया।

इस कार्यवाही में राईफलमैन धन बहादुर मल्ला ने उदाहरणीय साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

11. ऐक्टिंग मेजर सत प्रकाश वर्मा (आई० सी० 14015), गोरखा राईफल्स। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 सितम्बर 1965)

मेजर सत प्रकाश वर्मा एक दल के अग्रिम कम्पनी कमान्डर थे। इस दल को जम्मू तथा कश्मीर में एक लक्ष्य पर जहां एक ऊंची पत्थर की दीवार थी, आक्रमण करने का काम दिया गया। जब उनके आक्रमण को शत्रु ने कुछ समय के लिये रोक दिया तो उन्होंने राकेट टुकड़ी की मार का निर्देशन किया और पत्थर की दीवार तथा शत्रु बंकरों को तोड़ने में सफल हो गये। फलस्वरूप उन्होंने शत्रु की अग्रिम स्थितियों को रौंद डाला। शत्रु की भारी गोला-बारी के बावजूद उन्होंने अपने जवानों को साहस के साथ आगे बढ़ाया तथा शत्रु के बंकरों को एक के बाद एक को नष्ट कर दिया। जब दो पाकिस्तानी सैनिकों ने बाहर आकर उन पर आक्रमण किया तो उन्होंने उन्हें अपनी खुखरी से मार गिराया। शत्रु की मझौली मशीन-गन के दो विस्फोट उनके पेट में लगे, किन्तु फिर भी उन्होंने अपने सैनिकों को उत्साहित किया तथा इस प्रकार लक्ष्य पर कब्जा हो गया। उसके बाद जख्मों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

एक्टिंग मेजर सत प्रकाश वर्मा ने उच्च-कोटि की वीरता तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

12. ऐक्टिंग मेजर जगदीश सिंह (आई० सी० 6703), आर्टिलरी रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 सितम्बर 1965)

5/6 सितम्बर, 1965 की रात्रि को मेजर जगदीश सिंह एक कम्पनी के साथ थे जिसने पुंछ में एक लक्ष्य पर आक्रमण किया। शत्रु की स्थिति से कुछ दूरी पर यह कम्पनी शत्रु की भारी गोला-बारी में आ गई तथा मेजर सिंह जख्मी हो गये। जख्मों की परवाह न कर वह बटालियन कमान्डर के साथ लक्ष्य तक गये तथा तोपखाने को ठीक निशाने पर मार का निर्देशन किया। इस प्रकार वह अपने सैनिकों को अधिक संख्या में हताहत होने से बचाने में सफल हुये।

सम्पूर्ण संक्रिया में ऐक्टिंग मेजर जगदीश सिंह ने उदाहरणीय साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

13. मेजर गिरीश चन्द्र वर्मा (आई० सी० 12453), डोगरा रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर 1965)

6 सितम्बर, 1965 को मेजर गिरीश चन्द्र वर्मा पुंछ क्षेत्र में शत्रु द्वारा भली प्रकार से रक्षित एक चौकी पर अपनी कम्पनी के हमले का नेतृत्व कर रहे थे। शत्रु की भारी गोला-बारी के सम्मुख अपने सैनिकों को आगे बढ़ने के लिये उत्साहित करने तथा आक्रमण का निर्देशन करने के लिये मेजर वर्मा अगली पंक्ति में बढ़ गये। दोनों ओर से धुआंधार गोला-बारी तथा हथगोलों के फेंके जाने के बाद शत्रु सैनिकों को पहली पंक्ति की खाईयों तथा बंकरों से पीछे हटा दिया। उसके बाद हुई हाथापाई में शत्रु सैनिकों को सारे बंकरों से खदेड़ दिया गया। लक्ष्य के आखरी किनारे पर डट-कर हुई लड़ाई में मेजर वर्मा को शत्रु की गोली लगी और उनकी मृत्यु हो गई। फिर भी उनकी कम्पनी ने लक्ष्य पर पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया।

मेजर गिरीश चन्द्र वर्मा ने उदाहरणीय साहस, नेतृत्व तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

14. कप्तान प्रभु सिंह (आई० सी० 13317), राजपूताना राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर 1965)

6 सितम्बर, 1965 को कप्तान प्रभु सिंह एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, जिसे खेमकरन सेक्टर में फत्तीवाला पर एक शत्रु चौकी को कब्जे में करने का आदेश हुआ। अल्प जानकारी के होने तथा शत्रु द्वारा कठिन मुकाबिले के बावजूद उन्होंने एक प्लाटून का अग्र-गमन करते हुए शत्रु चौकी पर अधिकार कर लिया।

9 सितम्बर, 1965 को शत्रु ने दूसरी कम्पनियों पर आक्रमण में विफल होकर टैंकों के साथ कप्तान प्रभु सिंह की कम्पनी पर हमला कर दिया। कप्तान प्रभु सिंह प्रत्येक प्लाटून में गये तथा

अपने सैनिकों को स्थिति पर डटे रहने के लिये उत्साहित किया। अन्ततः वह शत्रु के आक्रमण को विफल करने में सफल हुए।

सम्पूर्ण संक्रिया में कप्तान प्रभु सिंह ने साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया जो सेना की उच्च-परम्पराओं के अनुरूप है।

15. 2/लेफ्टिनेंट एन० चन्द्र शेखरन नायर, (ई० सी० 58730), इन्जीनियर्स कोर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर 1966)

6 सितम्बर से 22 सितम्बर, 1965 तक 2/लेफ्टिनेंट एन० चन्द्र शेखरन नायर एक इन्जीनियर प्लाटून की कमान कर रहे थे। शत्रु के तोपखाने तथा छोटे हथियारों की गोला-बारी के बावजूद उन्होंने डेरा बाबा नानक पुल के पास टैंक विरोधी सुरंगे बिछाई। उन्होंने कई बार शत्रु की कार्यविधियों से पुल को पहुंची हानि का अनुमान लगाने के लिये टोह कार्य भी किया तथा भविष्य की योजना के लिये महत्वपूर्ण सूचनायें दीं।

सम्पूर्ण संक्रिया में 2/लेफ्टिनेंट एन० चन्द्र शेखरन नायर ने सराहनीय साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

16. 2/लेफ्टिनेंट शशिन्द्र सिंह (ई० सी० 58105), गोरखा राईफल्स। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर 1965)

6 सितम्बर, 1965 को 2/लेफ्टिनेंट शशिन्द्र सिंह एक कम्पनी की एक अग्रिम प्लाटून के कमान्डर थे जिसे अखनूर-जौरियन सड़क पर आगे बढ़ने का आदेश हुआ था। शत्रु ने अनेक सशस्त्र विलम्ब-कारी दल यहां पर छोड़ रखे थे। 2/लेफ्टिनेंट सिंह ने तीव्र कार्र-वाई करके शत्रु की कई स्थितियों का सफाया कर दिया। शत्रु की अन्तिम विलम्बकारी स्थिति पर जब उनका प्लाटून शत्रु के तोपखाने, मार्टरों तथा मशीन-गन की भारी गोला-बारी में आ गया तो उन्होंने अपने सैनिकों को संगठित किया और शत्रु पर धावा बोल दिया। लड़ाई में शत्रु की मशीन-गन का एक विस्फोट उनकी टांग में लगा और वह गिर गये। यह अनुमान कर कि उनका प्लाटून आगे नहीं बढ़ सकता, उन्होंने एक हल्की मशीन-गन छीनी और प्लाटून को पीछे हटने में सहायतार्थ रक्षात्मक गोली चलानी प्रारम्भ कर दी और शत्रु के मशीन-गन के एक विस्फोट से दोबारा जख्मी होने तक वह गोली चलाते रहे। चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

2/लेफ्टिनेंट शशिन्द्र सिंह ने उदाहरणीय साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया जो कि सेना की उच्च-परम्पराओं के अनुरूप है।

17. जे० सी० 8199 सूबेदार खजान सिंह, जाट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर 1965)

6 सितम्बर, 1965 को जब सूबेदार खज़ान सिंह की कम्पनी का शत्रु की एक सुव्यवस्थित खाइयों में स्थित मशीन-गनों और टैंक विरोधी गनों की सहायता प्राप्त कम्पनी से मुकाबिला हुआ तो उन्होंने अपनी कम्पनी के साथ इतना जबरदस्त हमला किया कि शत्रु 35 मृतकों तथा अनेक शस्त्र छोड़ कर भाग खड़ा हुआ। अन्ततः इन शस्त्रों को कब्जे में कर लिया गया। लड़ाई के दौरान शत्रु की एक गोली उनको लगी तथा वह बेहोश हो कर गिर पड़े। होश आने पर उन्होंने देखा कि शत्रु की एक मझौली मशीन-गन अब भी गोला-बारी कर रही थी। अपनी स्टेन-गन के साथ वह उसकी ओर आगे बढ़े और उसे शान्त कर दिया।

इस कार्यवाही में सूबेदार खज़ान सिंह ने उच्च-कोटि के उदाह-रणीय साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

18. 2938013 नायब सूबेदार राजबीर सिंह, राजपूत रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर 1965)

6 सितम्बर, 1965 को नायब सूबेदार राजबीर सिंह एक राईफल कम्पनी की एक प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे। इस कम्पनी को बेडियार क्षेत्र से शत्रु को भगाने का कार्य सौंपा गया था। जब शत्रु ने भारी गोला-बारी की तथा प्लाटून को आगे बढ़ने से रोक दिया तो सूबेदार सिंह ने शत्रु पर धावा बोल दिया। यद्यपि उनको शत्रु की एक गोली लगी किन्तु फिर भी वह धावा बोलते रहे। यह देख कर कि शत्रु के टैंक आगे बढ़ रहे हैं, उन्होंने एक रिड्रम-प्रोजेक्टर उठाया और शत्रु टैंकों पर गोला-बारी चालू कर दी। अन्ततः लक्ष्य पर कब्जा कर लिया गया।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार राजबीर सिंह ने सराहनीय साहस तथा पहल शक्ति का परिचय दिया।

19. 5429011 हवलदार इन्द्रबहादुर गुरुंग, गोरखा राईफल्स। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर 1965)

6 सितम्बर, 1965 को हवलदार इन्द्रबहादुर गुरुंग को शत्रु की दो मशीन-गन चौकियों का सफाया करने का कार्य सौंपा गया था। जो डेरा बाबा नानक के पास एक प्लाटून को आगे बढ़ने से रोक रही थी। हवलदार गुरुंग अपने दो साथियों के साथ आगे बढ़े तथा एक मशीन-गन चौकी के पास पहुंचे। उसके बाद वह अकेले आगे बढ़े तथा चौकी में एक गोला फेंक कर मशीन-गनों को शान्त कर दिया। वह और आगे बढ़े किन्तु जैसे ही वह एक अन्य स्वचालित गन चौकी के पास पहुंचे उनको एक विस्फोट लगा और वह बुरी तरह घायल हो गये। घायल होने के बावजूद वह चौकी में कूद पड़े और गनर को मार दिया। इस कार्यवाही में उनकी मृत्यु हो गई किन्तु उनके प्लाटून ने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

हवलदार इन्द्रबहादुर गुरुंग ने अटूट साहस, दृढ़-निश्चय तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया जो सेना की उच्च-परम्पराओं के अनुरूप है।

20. 4140565 नायक कंवर सिंह, गार्ड्स् ब्रिगेड।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर, 1965)

6 सितम्बर, 1965 को नायक कंवर सिंह अपनी कम्पनी के राईफल सेक्शन की कमान कर रहे थे। यह कम्पनी लाहौर क्षेत्र में एक शत्रु स्थिति पर धावा बोल रही थी। जब उनके सेक्शन की हल्की मशीन-गन के दो चालक शत्रु की भारी गोला-बारी से बुरी तरह घायल हो गये तो उन्होंने शीघ्रता से हल्की मशीन-गन संभाल ली और मार्टर विस्फोटों से स्वयं जख्मी होने के बावजूद अनेकों शत्रु सैनिकों को हताहत किया। उन्होंने शत्रु की एक मशीन-गन चौकी को शान्त कर दिया। अपने घाव के बावजूद उन्होंने प्रभावशाली गोला-बारी जारी रखी और अपने प्लाटून को लक्ष्य पर पहुंचने में सफल बनाया। एका-एक शत्रु के एक मार्टर विस्फोट ने हल्की मशीन-गन तथा उनके दोनों हाथों को उड़ा दिया। इस पर भी वह, जब तक लक्ष्य पर अधिकार नहीं हो गया, अपने साथियों को उत्साहित करते रहे।

इस सम्पूर्ण संक्रिया में नायक कंवर सिंह ने उच्च कोटि के महान साहस पहलशक्ति तथा दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

21. 3951343 सिपाही सुख राम, डोगरा रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर, 1965)

6 सितम्बर, 1965 को जब पुंछ क्षेत्र में सिपाही सुख राम का सेक्शन एक भली प्रकार से रक्षित शत्रु चौकी पर आक्रमण का अग्र-गमन कर रहा था तो उनकी कम्पनी को शत्रु की भारी गोला-बारी का सामना करना पड़ा जिसके फलस्वरूप उनका आगे बढ़ना असम्भव हो गया। सिपाही सुख राम चार गोलों के साथ आगे बढ़े। कठिन विरोध होने पर भी वह शत्रु के समीप पहुंचने में सफल हो गये और दो गोले शत्रु की एक खाई में फेंक कर हल्की मशीन-गन को नष्ट कर दिया। इसके बाद सिपाही सुख राम एक और हल्की

मशीन-गन की ओर लपके तथा एक गोला हल्की मशीन-गन चलाने वाले शत्रु सैनिक पर फेंक दिया। ऐसा करते समय हल्की मशीन-गन के दो विस्फोट उनके सिर और छाती में लगे जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई।

सिपाही सुख राम ने उच्च-कोटि के उदाहरणीय साहस, पहल-शक्ति तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

22. 13657947 गार्ड्समैन दाम्बर बहादुर छेत्तरी,
गार्ड्स् ब्रिगेड। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 सितम्बर, 1965)

6 सितम्बर, 1965 को लाहौर क्षेत्र में शत्रु द्वारा भली प्रकार से रक्षित एक चौकी पर उनकी कम्पनी के आक्रमण के समय शत्रु की मझौली मशीन-गन के विस्फोटों से गार्ड्समैन दाम्बर बहादुर छेत्तरी की छाती में सख्त चोट लगी। अपने घावों के बावजूद वह अपने साथियों को उत्साहित करते रहे तथा शत्रु की मार्टर और मझौली मशीन-गन की गोला-बारी के सम्मुख आगे बढ़े जहां वह फिर बुरी तरह घायल हो गये। शत्रु के स्वचालित हथियारों की मार से वह तीसरी बार फिर बायें कन्धे तथा हाथ में गोली लगने से जख्मी हो गये। किन्तु वह लक्ष्य की प्राप्ति के लिये आगे बढ़ने का प्रयत्न करते रहे और अपने शस्त्र से गोली चला कर शत्रु को भारी सख्या में हताहत किया। अन्तिम धावे तथा लक्ष्य पर कब्जा होने के पश्चात् वह गिर पड़े और उनकी मृत्यु हो गई।

गार्ड्समैन दाम्बर बहादुर छेत्तरी ने उदाहरणीय साहस तथा दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

23. 2/लेफ्टिनेंट वीरेन्द्र प्रताप सिंह (ई० सी० 56107),
सिख लाईट इन्फैन्ट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

7-8 सितम्बर, 1965 की रात्रि को 2/लेफ्टिनेंट वीरेन्द्र प्रताप सिंह एक कम्पनी के कार्यकारी प्लाटून कमांडर थे। इस कम्पनी को कुन्दनपुर पाकिस्तानी चौकी पर आक्रमण करने का आदेश हुआ। यद्यपि वह घायल हो गये थे किन्तु फिर भी शत्रु के तोपखाने तथा छोटे हथियारों की भारी मार के बावजूद वह आगे बढ़ते गये। बाद में जब उन्होंने देखा कि कम्पनी कमांडर लापता है तो उन्होंने स्वयं कमान सम्भाल ली और कम्पनी के धावे का अग्र-गमन करते हुए शत्रु की स्थिति को ध्वस्त कर दिया तथा बहुत से कैदी, एक टैंक गन और 2 मझौली मशीन-गनों को अपने कब्जे में कर लिया।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेंट वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने उच्च-कोटि का स्थिर साहस, पहलशक्ति तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

24. जे० सी० 25564 सूबेदार पी० एम० ग्रेगरी,
मद्रास रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

7/8 सितम्बर, 1965 की रात्रि को सूबेदार पी० एम० ग्रेगरी एक बटालियन के सूबेदार ऐडजूटेंट का कार्य कर रहे थे। इस बटालियन को महाराजकी को कब्जे में करने का आदेश दिया गया। यह देख कर कि बटालियन लक्ष्य के निकट पहुंचने के बाद, शत्रु की भारी गोला-बारी के कारण आगे नहीं बढ़ सकी तो कम्पनी कमांडर ने सूबेदार ग्रेगरी को एक सेक्शन को साथ लेकर शत्रु पर पीछे से आक्रमण करने का आदेश दिया। गोले फेंक कर खाइयों को साफ कर सूबेदार ग्रेगरी ने शत्रु पर पीछे से हमला किया तथा 5 शत्रुओं को मार कर तथा एक को जख्मी कर अपने कार्य को सफलता पूर्वक पूरा किया।

इस मुठभेड़ में सूबेदार पी० एम० ग्रेगरी ने उच्च-कोटि के साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

25. 1021059 ऐक्टिंग लास दफादार त्रिलोक सिंह,
दक्कन हार्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

7 सितम्बर से 12 सितम्बर, 1965 के मध्य खेमकरन क्षेत्र में हमारी सेना के आक्रमण के समय लांस दफादार त्रिलोक सिंह ने शत्रु के चार टैंक तथा एक रीक्वायललेस गन को ध्वस्त कर दिया। 12 सितम्बर, 1965 को जब उनका स्क्वाड्रन खेमकरन में नहर पर शत्रु की स्थिति पर धावा बोल रहा था तो एक शत्रु टैंक तथा एक गन ठीक हमारे टैंकों पर गोला-बारी कर रही थी। उन्होंने शत्रु टैंक तथा गन को ध्वस्त कर दिया और इस प्रकार अपने स्क्वाड्रन को नहर की दूसरी ओर भेजने में सफल बनाया।

इस कार्यवाही में, ऐक्टिंग लांस दफादार त्रिलोक सिंह ने उच्च-कोटि के धैर्य-पूर्ण साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

26. 2553212 सिपाही कन्नन,
मद्रास रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

7/8 सितम्बर, 1965 की रात्रि को जब मद्रास रेजिमेंट की एक कम्पनी महाराजकी पर हमला कर रही थी तो सिपाही कन्नन के प्लाटून को दाहिनी ओर से धावा बोलने और लक्ष्य पर कब्जा करने का आदेश हुआ। यह देख कर कि उनका प्लाटून कमांडर जख्मी हो गया है, सिपाही कन्नन ने शत्रु पर अकेले ही धावा बोल कर अपनी संगीन से दो पाकिस्तानी सिपाही मार दिये। घायल होने के बावजूद भी उन्होंने शत्रु पर धावा जारी रखा और दो पाकिस्तानी गन-चालकों को अपनी संगीन से मार गिराया। ऐसा करते समय शत्रु की मझौली मशीन-गन के एक विस्फोट से वह मारे गये, किन्तु उनकी प्लाटून ने शत्रु स्थिति का सफाया कर दिया।

इस कार्यवाही में सिपाही कन्नन ने उदाहरणीय साहस तथा दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

27. 2510685 हवलदार जस्सा सिंह,
पंजाब रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 सितम्बर, 1965)

9 सितम्बर, 1965 को हवलदार जस्सा सिंह की कम्पनी फाजिलका सुलेमान्की रोड से परे रक्षात्मक ड्यूटी पर थी। जब शत्रु ने एक बटालियन की संख्या में अचानक आक्रमण किया और उन की कम्पनी की स्थिति के समीप आ गया तो हवलदार जस्सा सिंह अपनी खाई से बाहर निकले और शत्रु की ब्राउनिंग मशीन पर धावा बोल कर चालक को मार दिया। वह अकेले ही एक शत्रु सेक्शन से लड़े और कम-से-कम सात शत्रु सैनिक मार दिये या घायल कर दिये। मुठभेड़ में घायल होने पर भी वह अपने साथियों के साथ-साथ लड़ते रहे और शत्रु को अधिक संख्या में हताहत कर उसके हमले को असफल बना दिया।

इस मुठभेड़ में हवलदार जस्सा सिंह ने उच्च-कोटि की वीरता तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

28. मेजर शमशेर सिंह मनहास, (आई० सी० 4898),
सिख रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 सितम्बर, 1965)

10/11 सितम्बर, 1965 को मेजर शमशेर सिंह मनहास एक कम्पनी की कमान कर रहे थे जिसने बर्की गांव पर, जिसकी पिल बाक्सों, मझौली मशीन-गनों और तोपखाने की गोला-बारी से शत्रु द्वारा रक्षा की जा रही थी, आक्रमण कर दिया। लक्ष्य की ओर आधी दूरी पर जाते ही मेजर मनहास की कम्पनी तथा एक और आक्रमण करने वाली कम्पनी तोपखाने तथा मझौली मशीन-गन को भारी गोला-बारी में आ गई। दूसरी कम्पनी को दाहिनी ओर से लक्ष्य पर आक्रमण करने का आदेश देकर, मेजर मनहास अपने सैनिकों के अधिक संख्या में हताहत होने और शत्रु की एक गोली

के जांघ में घुसने से न घबरा कर, दृढ़ निश्चय के साथ सड़क की ओर से धावा बोला तथा राकेट लांचरों से दो पिल बाक्स ध्वस्त कर दिये और अन्ततः गाव पर कब्जा कर लिया। लक्ष्य पर पहुंचने पर उन्होंने अपने सैनिकों को पुनः संगठित किया और शत्रु के जवाबी हमलों से बचाव किया।

इस कार्यवाही में मेजर शमशेर सिंह मनहास ने उच्च कोटि के साहस, दृढ़-निश्चय तथा सूझबूझ का परिचय दिया।

29. कप्तान सुशील चन्द्र सब्बरवाल, (आई० सी०–11026), आर्टिलरी रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 सितम्बर, 1965)

कप्तान सुशील चन्द्र सब्बरवाल को इच्छोगिल नहर क्षेत्र में तोपखाने की सहायता के लिये एयर आपरेशन पायलट के रूप में नियुक्त किया गया था। हमारी विरचनाओं को सूचना देने हेतु उन्हें जोखिम उठाकर कई घंटों तक विमान-वाहित होना पड़ता था। उन्होंने शत्रु की गनों को उलझाने के लिये अनेकों उड़ानें की। अनेक अवसरों पर उन्होंने हमारी गनों का शत्रु सैनिक, गाड़ियों और टकों के जमाओं पर गोला-बारी करने का निर्देशन किया और उन्हें काफी हानि पहुचायी। 11 सितम्बर से 18 सितम्बर, 1965 के मध्य अनेक अवसरों पर, शत्रु की भारी गोला-बारी के बावजूद, नीचाई पर उड़ते हुए उन्होंने शत्रु स्थितियों के फोटोग्राफ लिये।

सम्पूर्ण संक्रिया में, कप्तान सुशील चन्द्र सब्बरवाल ने धैर्यपूर्ण साहस, पहल-शक्ति तथा कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

30. 3943797 ऐक्टिंग हवलदार रघुनाथ सिंह, डोगरा रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 सितम्बर, 1965)

11 सितम्बर, 1965 को हवलदार रघुनाथ सिंह ने अपने टैंकों की सहायता से खेमकरन क्षेत्र में शत्रु टैंकों पर धावा बोला और हथियारों से लैस 4 पाकिस्तानी अधिकारियों तथा 16 अन्य सैनिक पकड़ लिये।

ऐक्टिंग हवलदार रघुनाथ सिंह ने उच्च कोटि के धैर्यपूर्ण साहस, पहल-शक्ति तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

31. मेजर आदर्श कुमार कोछड़, (आई० सी०–8488), आर्टिलरी रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 सितम्बर, 1965)

16 सितम्बर, 1965 को मेजर आदर्श कुमार कोछड़ एक कृतिक-बल से सम्बद्ध बैटरी कमांडर थे जिसे चौविंडा में शत्रु के पीछे की स्थितियों में सड़क की नाकाबन्दी के लिये जसोरन, बतूर-देवग्रान्डी तथा टेकरी पर कब्जा करने का आदेश हुआ। मेजर कोछड़ की तोपखाने से गोला-बारी की चतुर योजना ने कृतिक-बल को जसोरन पर अधिकार करने में सफल बनाया। अपनी रक्षा की परवाह न कर वह गोरखा राईफल्स की एक बटालियन के बुरी तरह से घायल हुए कमांडिंग अधिकारी को बाहर निकालने के लिये शत्रु की तोपखाने की गोला-बारी की बराज के सम्मुख आगे बढ़ गये। इसके बाद शेष बटालियन का निर्देशन करते हुए वह बतूर-देवग्रान्डी पर कब्जा करने में सफल हुए। अगली कार्यवाही में हमारे कृतिक-बल को घेरे में लेने के शत्रु के प्रयत्न तथा जवाबी हमले, मेजर कोछड़ की अपने तोपखाने के संगठन के चतुर प्रयोग से, विफल कर दिये गये। जब उनकी टुकड़ी को पीछे हटने का आदेश हुआ तो वह शत्रु की गोला-बारी की परवाह न करते हुए अपने बहुत से हताहत सैनिकों को सुरक्षित स्थान पर ले आये।

सम्पूर्ण संक्रिया में, मेजर आदर्श कुमार कोछड़ ने उच्च कोटि के साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

32. लेफ्टिनेंट बोनाला विजया रघुनन्दन राव, (आई० सी०–14289), गोरखा राईफल्स। **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 सितम्बर, 1965)

लेफ्टिनेंट बोनाला विजया रघुनन्दन राव एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। इस कम्पनी को अखनूर-छम्ब क्षेत्र में स्थित शत्रु स्थितियों पर आक्रमण करने का आदेश हुआ। आक्रमण के थोड़ी देर पश्चात् कम्पनी को यह अनुभव हुआ कि शत्रु चारों ओर से उसके समीप बढ़ रहा है तथा पीछे लौटने के रास्ते को अवरुद्ध करने का प्रयास कर रहा है। लेफ्टिनेंट राव ने अपनी कम्पनी को पीछे हटने के लिये तुरन्त ही रक्षात्मक गोला-बारी का संगठन किया। शत्रु की तोपखाने तथा मार्टरों से भारी गोला-बारी के बावजूद वह एक चौकी से दूसरी चौकी तक गये तथा अपनी हल्की मशीन-गनों, मझौली मशीन-गनों, मार्टरों व ए एम एक्स टैंकों से गोला-बारी का स्वयं निर्देशन किया। जब एक हल्की मशीन-गन में कुछ खराबी हो गई तो वह खाई में कूद पड़े और स्वयं गन को ठीक कर गोला-बारी करने लगे। लेफ्टिनेंट राव ने अधिकाधिक तथा लक्षित गोला-बारी की और अपनी कम्पनी को भली प्रकार से हटने में सफल बनाया। सिर में एक विस्फोट के लगने से वह सख्त घायल हो गये तथा बेहोश होने से पहले अपने सैकिन्ड-इन-कमान्ड को सक्रिया का कार्य-भार सौंप दिया।

इस कार्यवाही में, लेफ्टिनेंट बोनाला विजया रघुनन्दन राव ने उदाहरणीय साहस, पहल-शक्ति तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया जो सेना के उच्च परम्पराओं के अनुरूप हैं।

33. मेजर अबदुल रफी खां, (आई० सी०–5823), गढ़वाल राईफल्स।

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 सितम्बर, 1965)

17 सितम्बर, 1965 को मेजर अबदुल रफी खां गढ़वाल राईफल्स की एक बटालियन की कमान कर रहे थे, जिसने चौविन्डा के पश्चिम बतूर-देवग्रान्डी गांव पर कब्जा कर लिया था तथा गाव के समीप रक्षात्मक स्थितियां बना ली थी। शत्रु ने टैंकों से भारी जवाबी हमला किया। मेजर खां ने स्वयं लड़ाई का निर्देशन किया तथा उनकी बटालियन ने शत्रु को भारी हानि पहुंचा कर आक्रमण को विफल कर दिया। शाम को जब उनकी बटालियन को पीछे हटने का आदेश हुआ तो मेजर खां रेजिमेंटर चिकित्सा अधिकारी के साथ स्थिति पर डटे रहे और स्वयं हताहतों को निकालने का कार्य करते रहे। हताहतों को निकालते समय एक शत्रु विस्फोट के लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्रवाई में, मेजर अबदुल रफी खां ने उदाहरणीय साहस, नेतृत्व तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया तथा अपने जीवन का महान बलिदान किया।

34. जे० सी०–32564 नायब सूबेदार भिवासन, अम्भोर, महार रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 सितम्बर, 1965)

नायब सूबेदार भिवासन अम्भोर एक कम्पनी की प्लाटून की कमान कर रहे थे। इस कम्पनी ने खेमकरन क्षेत्र में हमारे एक माउन्टेन डिविजन के साथ शत्रु पर आक्रमण करने के लिये एक अड्डा स्थापित किया था। उन्होंने तीन टोह टुकड़ियों का अग्र-गमन किया और शत्रु के बारे में उपयोगी जानकारी ले आये। 17 सितम्बर, 1965 को दिन के 11.30 बजे जब शत्रु ने तोपखाने तथा मशीन-गनों से कम्पनी की स्थिति पर भारी गोलीबारी की तो वह एक खाई से दूसरी तक गये और शत्रु को पीछे खदेड़ने के लिये अपने जवानों को उत्साहित किया। दोबारा फिर उसी दिन जब 2.30 बजे शत्रु ने दूसरा धावा बोला तो सूबेदार अम्भोर अपने एक सेक्शन के साथ आगे बढ़े और जब शत्रु 80 गज की दूरी के अन्दर आ गया तो अपनी खाइयों से गोला-बारी आरम्भ कर दी। इस प्रकार उन्होंने स्थिति संभाली और शत्रु को पीछे खदेड़ दिया।

सम्पूर्ण संक्रिया में नायब सूबेदार भिवासन अम्भोर ने उच्च कोटि के धैर्यपूर्ण साहस, पहल-शक्ति तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

35. एक्टिंग लेफ्टिनेंट कर्नल रूमी हरमंसजी वजीना (आई० सी०–2826), महार रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—18 सितम्बर, 1965)

लेफ्टिनेंट कर्नल हरमोसजी वज़ीना एक बटालियन की कमान कर रहे थे, जिसे सियालकोट में, जहां पर शत्रु का भारी जमाव था, मुहादीपुर और छन्नी गावों पर कब्जा करने का आदेश हुआ। लेफ्टिनेंट कर्नल वज़ीना ने 18/19 सितम्बर, 1965 की रात्रि को मुहादीपुर और छन्नी क्षेत्र पर अधिकार कर लिया। शत्रु की भारी गोला-बारी के कारण उन्हें अपनी बटालियन को संगठित करने का भी समय न मिला था कि 21/22 सितम्बर, 1965 की रात्रि को शत्रु ने इन गांवों पर भारी हमला किया और मुहादीपुर गांव में घुस आये, जिसके कारण बटालियन हैडक्वार्टर को खतरा पैदा हो गया। बटालियन के जवानों को संगठित कर, लेफ्टिनेंट कर्नल वज़ीना ने शत्रु पर जवाबी हमला किया और उसे मुहादीपुर गांव से खदेड़ दिया। इस कार्यवाही में 100 से अधिक शत्रु सैनिक, जिनमें एक अधिकारी भी था, मारे गये तथा 9 बन्दी बना लिये गये।

इस संक्रिया में ऐक्टिंग लेफ्टिनेंट कर्नल रूसी हरमोसजी वज़ीना ने उच्च कोटि की वीरता, सूझबूझ तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

36. मेजर धीरेन्द्र नाथ सिंह, (आई० सी०–13042), कुमाऊं रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—18 सितम्बर, 1965)

18 सितम्बर, 1965 को मेजर धीरेन्द्र नाथ सिंह कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन की कमान की कमान कर रहे थे जिसे केरी पर कब्जा करने का आदेश हुआ था। धावा बोलने वाली प्लाटून हल्की मशीन-गन, मझौली मशीन-गन तथा तोपखाने से होने वाली गोला-बारी से आच्छादित शत्रु सुरन्गों में फंस गये, जिसके फलस्वरूप काफी क्षति हुई। मेजर सिंह तुरन्त आगे आ गये तथा अपने सैनिकों को सुरंगें पार करने व शत्रु पर धावा बोलने के लिये उत्साहित किया। उन्होंने स्वयं अग्र-गमन किया किन्तु शीघ्र ही एक शत्रु सुरंग से वह घायल हो गये। उनकी एक टांग कट गयी और घायल अवस्था में वहीं पड़े थे जब उन्होंने देखा कि शत्रु की एक मझौली मशीन-गन समीप के बंकर से गोला-बारी कर रही है। वह रेंगते हुए आगे बढ़े और एक जवान से हल्की मशीन-गन लेकर शत्रु की मझौली मशीन-गन पर गोली-बारी कर उसे शान्त कर दिया। उनके कुशल नेतृत्व में उनके सैनिकों द्वारा शत्रु के साथ घोर हाथापाई के पश्चात् चौकी पर अधिकार कर लिया गया।

इस कार्यवाही में मेजर धीरेन्द्र नाथ सिंह ने उच्च कोटि के अदमित साहस, दृढ़ निश्चय तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

37. जे० सी०–6355 सूबेदार लक्षमन सलुके, मराठा रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—18 सितम्बर, 1965)

सूबेदार लक्षमन सलुके मराठा रेजिमेंट की एक बटालियन की कम्पनी के सैकिन्ड-इन-कमांड थे जिसे 18 सितम्बर, 1965 को झामन में एक क्षेत्र पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया था। जब शत्रु ने मशीनगन तथा छोटे हथियारों की गोला-बारी से उनकी कम्पनी को निष्क्रिय कर दिया तो सूबेदार सलुके को आदेश दिया गया कि वह एक रिजर्व प्लाटून को लेकर शत्रु को खदेड़ दें। उन्होंने अपने सैनिकों को एकत्रित किया तथा स्वयं अग्र-गमन कर शत्रु पर धावा बोल दिया। उन्होंने 16 शत्रु मार दिये तथा 9 बन्दी बना लिये। बाकी शत्रु सैनिक भाग गये। इस कार्यवाही ने बटालियन को लक्ष्य पर अधिकार करने में सफल बनाया।

इस मुठभेड़ में सूबेदार लक्षमण सलुके ने उच्च कोटि के उदाहरणीय साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

38. जे० सी०–25538 नायब सूबेदार राम प्रसाद छेत्री, गोरखा राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि —18 सितम्बर, 1965)

18 सितम्बर, 1965 को गोरखा राईफल्स की एक बटालियन को अखनूर के पश्चिम में एक क्षेत्र पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया, जिस पर कि शत्रु ने कब्जा किया हुआ था। नायब सूबेदार राम प्रसाद छेत्री को जो कि एक कम्पनी के एक प्लाटून की कमान कर रहे थे, शत्रु द्वारा भली प्रकार से रक्षित अन्दरुनी स्थानों पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया। जैसे ही कम्पनी लक्ष्य के समीप पहुंची तो नायब सूबेदार राम प्रसाद छेत्री को शत्रु की मझौली मशीन-गन का एक विस्फोट लगा। इसके बावजूद उन्होंने रेंगते हुये आगे बढ़ना जारी रखा, तथा एक शत्रु सैनिक को देखकर उस पर गोली चलाई और फलस्वरूप उसे दबोच लिया। इस समय नायब सूबेदार छेत्री शक्तिविहीन हो गये और उन्हें पीछे हटाना पड़ा। अन्ततः उस स्थान पर अधिकार कर लिया गया।

इस कार्यवाही में, नायब सूबेदार राम प्रसाद छेत्री ने उच्च कोटि के साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

39. मेजर मन मोहन चोपड़ा, (आई० सी०–2314), केवेलरी। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—19 सितम्बर, 1965)

19 सितम्बर, 1965 को मेजर मन मोहन चोपड़ा छथनवाला में एक शत्रु सैनिक जमाव पर इन्फैन्ट्री के आक्रमण की सहायता देने वाले एक स्कवाड्रन के साथ थे। मेजर चोपड़ा का टैंक तथा अन्य कई टैंक खराब भूभाग पर चलते-चलते धंस गये। शत्रु ने इन टैंकों पर तोपखाने और मार्टरों से भारी गोला-बारी की। अविचलित, मेजर चोपड़ा अपने स्थान पर डटे रहे और तीन टैंकों को सफलता पूर्वक निकाल लिया। ऐसा करते समय जब एक शत्रु मार्टर का एक गोला उनके टैंक पर गिरा तो वह बुरी तरह से घायल हो गये। बाद में घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

सम्पूर्ण कार्रवाई में, मेजर मन मोहन चोपड़ा ने उच्च कोटि के साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

40. ऐक्टिंग मेजर विजय कुमार (आई० सी०–12464), मराठा रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—19 सितम्बर, 1965)

19 सितम्बर, 1965 को मेजर विजय कुमार मराठा रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। इस बटालियन को छथनवाला में आगे बढ़ने तथा हमारी सैन्य टुकड़ियों को इधर-उधर करने का प्रयत्न करते हुए शत्रु से निपटने का आदेश हुआ था। आक्रमण के दौरान धावा बोलने वाली कम्पनी शत्रु की भारी गोला-बारी में आ गई। अविचलित, मेजर विजय कुमार ने अपने सैनिकों को आगे बढ़ने के लिये उत्साहित किया। मुठभेड़ में मेजर विजय कुमार शत्रु की मझौली मशीन-गन के एक विस्फोट से बुरी तरह घायल हो गये किन्तु वह घिसटते हुए कम्पनी के साथ बढ़ते रहे और अपने सैनिकों को उत्साहित कर कम्पनी को दिये गये कार्य को पूरा किया।

इस कार्यवाही में, ऐक्टिंग मेजर विजय कुमार ने उदाहरणीय साहस, दृढ़-निश्चय तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

41. लेफ्टिनेंट रविन्द्र सिंह समियाल, (आई० सी०–13685), जम्मू तथा काश्मीर राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—19 सितम्बर, 1965)

19 सितम्बर, 1965 को जब शत्रु ने चौबिडा पर आक्रमण किया तो लेफ्टिनेंट रविन्द्र सिंह समियाल शत्रु की मझौली मशीन-गन की चौकी तक रेंग कर गये तथा दो ग्रेनेड फेंक कर उसे नष्ट कर दिया और शत्रु की मझौली मशीन-गन को कब्जे में कर उसे शत्रु पर इस्तेमाल किया। उनके निर्भीक साहस ने शत्रु आक्रमण को विफल करने तथा शत्रु चौकी पर अधिकार करने में हमारे सैनिकों का उत्साहवर्धन किया।

इस मुठभेड़ में लेफ्टिनेंट रविन्द्र सिंह समियाल ने सराहनीय साहस तथा पहल-शक्ति का परिचय दिया।

42. मेजर दर्शन सिंह लल्ली (आई० सी०–9725), डोगरा रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—20 सितम्बर, 1965)

20/21 सितम्बर, 1965 की रात्रि को हाजी-पीर दर्रे पर आक्रमण के समय मेजर दर्शन सिंह लल्ली को एक स्थान पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया था, जिसकी रक्षा शत्रु की दो से अधिक प्लाटून कर रही थीं। शत्रु की भारी गोला-बारी तथा अपने सैनिकों के भारी संख्या में हताहत होने के बावजूद, मेजर लल्ली ने वीरता से आक्रमण किया और लक्ष्य पर कब्जा कर लिया। उसके बाद शत्रु के जवाबी हमलों को खदेड़ने के लिये अपने सैनिकों को पुनः संगठित किया। शत्रु ने लगभग 250 सैनिकों तथा तोपखानों और मझौली मशीन-गनों से एक जवाबी हमला किया, किन्तु मेजर लल्ली ने एक बंकर से दूसरे बंकर तक जाकर तथा सैनिकों को उत्साहित कर केवल 60 सैनिकों की सहायता से आक्रमण को विफल कर दिया। जब शत्रु के जवाबी हमले के पश्चात् वह अपनी रक्षा का संगठन कर रहे थे तो शत्रु की एक मझौली मशीन-गन के विस्फोट के लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में, मेजर दर्शन सिंह लल्ली ने उच्च कोटि की वीरता, सूझबूझ तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

43. 3930517 हवलदार काशी राम,
डोगरा रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—20 सितम्बर, 1965)

20/21 सितम्बर, 1965 की रात्रि को हाजी-पीर दर्रे के दक्षिण में एक स्थिति पर आक्रमण के समय हवलदार काशी राम एक कम्पनी से सम्बद्ध मझौली मशीन-गन सेक्शन के कमांडर थे। एक शत्रु मझौली मशीन-गन ने कम्पनी का आगे बढ़ना रोक दिया और हवलदार काशी राम को इसे उलझाये रखने का आदेश हुआ। अपने कार्य को करते समय शत्रु की मशीन-गन के विस्फोट से उनका हाथ और कंधा जख्मी हो गया, किन्तु अपने जख्मों की परवाह न कर वह गोला-बारी करते रहे और अन्ततः शत्रु की मझौली मशीन-गन को शांत कर दिया। बुरी तरह से घायल होने पर भी हवलदार काशी राम अपनी कम्पनी की सहायता करते रहे। जैसे ही कम्पनी लक्ष्य के पास पहुंची, शत्रु ने जवाबी हमला किया। हवलदार काशी राम के घावों से यद्यपि बुरी तरह खून बह रहा था, फिर भी वह गोला-बारी करते रहे। उनको दोबारा शत्रु की गोली लगी जिस से उनकी मृत्यु हो गई।

सम्पूर्ण संक्रिया में, हवलदार काशी राम ने उदाहरणीय ,साहस दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया जो सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप हैं।

44. 2838710 हवलदार केदार सिंह,
राजपूताना राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—20 सितम्बर, 1965)

20 सितम्बर, 1965 को हवलदार केदार सिंह एक ऐन्टी-टैंक प्लाटून की टुकड़ी की कमान कर रहे थे जिस पर सियालकोट क्षेत्र में शत्रु टैंकों तथा पैदल सेना ने आक्रमण किया। हवलदार सिंह की टुकड़ी के साथ केवल एक रीक्वायल-लेस गन, जिसको ले जाने वाली गाड़ी को शत्रु गोला-बारी ने बेकार कर दिया था, शेष रह गई। उन्होंने उस गन को गाड़ी से उतार लिया और शत्रु की भारी गोला-बारी के मध्य उसे एक किनारे पर ले गये तथा वहां से गोला-बारी कर शत्रु के दो टैंक नष्ट कर दिये और शत्रु को उस क्षेत्र से पीछे हटने के लिये बाध्य कर दिया।

सम्पूर्ण संक्रिया में हवलदार केदार सिंह ने उच्च कोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

45. मेजर राम स्वरूप शर्मा, (आई० सी०–10025,
राजपूताना राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर, 1965)

21 सितम्बर, 1965 को खेमकरन सेक्टर में शत्रु की एक स्थिति पर आक्रमण के समय मेजर राम स्वरूप शर्मा एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। कम्पनी पर भारी गोला-बारी के बावजूद वह आगे बढ़े और शत्रु की स्थिति पर साहस तथा निश्चय से हमला किया। फलस्वरूप शत्रु भाग खड़ा हुआ, उसके दो टैंक नष्ट कर दिये गये व कुछ हथियार अधिकार में कर लिये गये।

इस कार्यवाही में, मेजर राम स्वरूप शर्मा ने उच्चकोटि की उदाहरणीय वीरता तथा पहल-शक्ति का परिचय दिया।

46. ऐक्टिंग मेजर सुरेन्द्र परशाद, (आई० सी०–13057),
मराठा रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर, 1965)

एक मराठा बटालियन द्वारा थट्टी जैमल सिंह पर अधिकार करने के पश्चात् शत्रु ने 20 सितम्बर, 1965 को हमारी एक कम्पनी की स्थिति पर जवाबी हमला किया जिस के कारण कम्पनी कमांडर बुरी तरह घायल हो गया तथा पीछे ले जाया गया। मेजर सुरेन्द्र परशाद ने उस कम्पनी की कमान संभाली। कम्पनी पर तीन दिन काफी दबाव रहा था तथा बहुत से सैनिक हताहत हो गये थे। जब शत्रु ने मार्टर और टैंकों से एक और जवाबी हमला किया तो मेजर सुरेन्द्र परशाद ने अपनी सुरक्षा की परवाह न कर एक प्लाटून से दूसरी प्लाटून तक जाकर शत्रु को उलझाये रखने के लिये अपने सैनिकों को उत्साहित किया। इस कार्यवाही में वह बुरी तरह घायल हुए किन्तु अपने घावों की परवाह न कर वह अपने स्थान पर तब तक डटे रहे जब तक कि शत्रु को पीछे न हटा दिया गया। अन्त में चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

सम्पूर्ण सक्रिया में ऐक्टिंग मेजर सुरेन्द्र परशाद ने उच्च कोटि के उदाहरणीय साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

47. लेफ्टिनेंट एम० एस० बुत्तड़, (आई० सी०–13620),
पंजाब रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्कर, 1965)

21 सितम्बर, 1965 को लेफ्टिनेंट एम० एस० बुत्तड़ इच्छोगिल नहर के किनारे एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। दूर किनारे पर शत्रु की गतिविधियों की जानकारी तथा उस पर गोला-बारी करने के लिये आदेश देने के लिये वह शत्रु के छोटे हथियारों, मार्टरों एवं तोपखाने की गोला-बारी के सम्मुख इधर-उधर जाते रहे। उनकी कुशल तथा वीरता-पूर्ण कार्य-विधियों से एक शत्रु टैंक नष्ट कर दिया गया और उनकी कम्पनी का मनोबल उच्च बना रहा।

लेफ्टिनेंट एम० एस० बुत्तड़ ने उच्च कोटि के साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

48. जे० सी०–6026 सूबेदार पाले राम,
एम० एम०, जाट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्कर, 1965)

21/22 सितम्बर, 1965 की रात्रि को डोगराई गांव पर आक्रमण के समय सूबेदार पाले राम एक कम्पनी की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। जब शत्रु की मशीन-गनों ने हमारे सैनिकों पर सही गोला-बारी की तो उन्होंने हमला बोल दिया और शत्रु की एक गोली के लगने से घायल होने पर भी, अपने साथियों को कड़ा मुकाबिला करने के लिये उत्साहित किया। वह स्वयं एक पिल-बाक्स पर पहुंचे और ग्रेनेड फेंक कर शत्रु की गनों को शान्त कर दिया किन्तु छाती में चोट लगने से बुरी तरह घायल हो गये। अविचलित, वह एक दूसरे पिल-बाक्स पर गये तथा उसे भी शान्त कर दिया। उसके पश्चात् वह बेहोश स्थिति में पीछे ले जाये गये। उनकी वीरता से उत्साहित उनके जवान बहादुरी से लड़े तथा शत्रु स्थिति को नष्ट कर दिया।

इस कार्यवाही में, सूबेदार पाले राम ने उच्च कोटि के उदाहरणीय साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

49. जे० सी०–24430 नायब सूबेदार छोटू राम,
जाट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर, 1965)

डोगराई गांव की लड़ाई के समय सूबेदार छोटू राम की कम्पनी को उस क्षेत्र पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया जहां पर शत्रु टैंक स्थित थे। लक्ष्य के समीप पहुंच कर उन्होंने अपने सैनिकों को शत्रु स्थिति पर आक्रमण करने का आदेश दिया। उन्होंने स्वयं एक टैंक पर धावा बोला और उसके अन्दर ग्रेनेड फेंक कर चालक को मार दिया तथा टैंक पर अधिकार कर लिया। उनकी वीरता और नेतृत्व से उत्साहित होकर उनकी प्लाटून ने शत्रु स्थिति को रौंद

डाला और सही-सलामत तीन टैंक अपने अधिकार में कर लिये तथा चार मशीन-गनों को नष्ट कर दिया।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार छोटू रोम ने उच्च कोटि के उदाहरणीय साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

50. 2848775 लांस नायक भंवर सिंह,
राजपूताना राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर, 1965)

खेमकरन क्षेत्र में शत्रु टैंक की एक स्थिति पर आक्रमण के समय लांस नायक भंवर सिंह के सेक्शन को शत्रु टैंकों को नष्ट करने का कार्य सौंपा गया। इस सेक्शन ने शत्रु की स्थिति पर धावा बोला और 2 टैंक नष्ट कर दिये। यद्यपि उनके सेक्शन कमांडर की मुठभेड़ में मृत्यु हो गई थी तथा वह स्वयं एक शत्रु ब्राउनिंग मशीन-गन के विस्फोट से बुरी तरह घायल हो गये थे, किन्तु फिर भी उन्होंने गोला-बारी चालू रक्खी तथा एक तीसरे शत्रु टैंक को बेकार कर दिया।

इस कार्यवाही में, लांस नायक भंवर सिंह ने साहस तथा कर्तव्य परायणता का परिचय दिया जो सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप है।

51. 2439708 लांस नायक लाखा सिंह,
पंजाब रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर, 1965)

21 सितम्बर, 1965 को जम्मू एवं काश्मीर क्षेत्र में एक लक्ष्य पर आक्रमण के समय लांस नायक लाखा सिंह अग्र-गामी सेक्शन में थे। पास-पास की लड़ाई में शत्रु इतना समीप आ गया कि लांस नायक लाखा सिंह स्वतः भरने वाली राईफल की खाली मंगजीन को नहीं बदल सके। महान प्रत्युत्पन्न मति से उन्होंने अपने लोह टोप को उतारा और उससे एक-के-बाद-एक तीन शत्रु सैनिकों को बुरी तरह से घायल कर दिया। तत्पश्चात् उन्होंने एक और शत्रु सैनिक को संगीन घोंपा, किन्तु इसी समय शत्रु की मझौली मशीन-गन का एक विस्फोट उनके लगा और वह गिर पड़े। ऐसी दशा में भी वह गोली चलाते रहे तथा 4 और शत्रु सैनिकों को मार दिया।

लांस नायक लाखा सिंह ने उदाहरणीय साहस तथा अडिगता का परिचय दिया।

52. 3150340 सिपाही लेहना सिंह,
जाट रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—21 सितम्बर, 1965)

डोगराई गांव की लड़ाई के समय जब सिपाही लेहना सिंह की कम्पनी ने गांव के उत्तरी भाग पर अधिकार कर लिया तो वह शत्रु की मशीन-गन की भारी गोला-बारी में आ गई। पीछे हटते हुए शत्रु को विच्छेद-स्थिति करने के लिये स्वयं को शत्रु की गोला-बारी के सामने प्रकट कर एक हल्की मशीन-गन के साथ सिपाही लेहना सिंह ने मोर्चा संभाल लिया। अपनी सुरक्षा की परवाह न कर उन्होंने उस असुरक्षित मोर्चे पर अपनी हल्की मशीन-गन के साथ अधिकार कर लिया और कम-से-कम 30 शत्रुओं को मार दिया तथा 4 शत्रु गाड़ियों को नष्ट कर दिया।

इस कार्यवाही में, सिपाही लेहना सिंह ने उदाहरणीय साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

53. लेफ्टिनेंट कर्नल कृष्ण प्रसाद लाहिरी, (आई० सी०–2645), गढ़वाल राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर, 1965)

अगस्त-सितम्बर, 1965 को क्रियाओं के समय लेफ्टिनेंट कर्नल कृष्ण प्रसाद लाहिरी एक बटालियन की कमान कर रहे थे जिसे गडरा शहर पर अधिकार करना था। 22 सितम्बर, 1965 की रात्रि को जब शत्रु ने सकारदू चौकी पर दोबारा अधिकार करने के लिये लगातार आक्रमण किये तो लेफ्टिनेंट कर्नल लाहिरी स्वय कुमक लेकर अपनी कम्पनी की अग्रिम चौकी तक गये और आक्रमण को विफल कर दिया। इसके पश्चात् धैर्यपूर्ण साहस तथा दृढ़ निश्चय से उन्होंने अपने सैनिकों का पाकिस्तानी आक्रमणकारियों से मुकाबिला करने के लिये अग्र-गमन किया तथा कुछ और लक्ष्यों पर अधिकार कर लिया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में, लेफ्टिनेंट कर्नल कृष्ण प्रसाद लाहिरी ने उच्च कोटि के साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

54. कप्तान दिवाकर अनन्त परांजपे (आई० सी०-12416), महार रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर, 1965)

जम्मू-स्यालकोट क्षेत्र में कप्तान दिवाकर अनन्त परांजपे उस कम्पनी की कमान कर रहे थे, जिसने एक बटालियन द्वारा रक्षित स्थान की सबसे अग्रिम स्थिति पर अधिकार किया था। 22 सितम्बर, 1965 को शत्रु ने तोपखाने और कवचित शस्त्रों की सहायता से आक्रमण किया और कप्तान परांजपे के सैनिकों को भारी संख्या में हताहत किया। उनकी एक प्लाटून स्थिति को शत्रु ने रौंद डाला। अपनी प्लाटून के शेष सैनिकों को पुनः संगठित कर कप्तान परांजपे ने शत्रु पर साहस और दृढ़ निश्चय के साथ जवाबी आक्रमण किया तथा शत्रु को उस क्षेत्र से खदेड़ कर खोई हुई स्थिति पर पुनः अधिकार कर लिया।

इस कार्यवाही में कप्तान दिवाकर अनन्त परांजपे ने उदाहरणीय साहस, पहल-शक्ति तथा सूझ-बूझ का परिचय दिया।

55. फ्लाइट लेफ्टिनेंट गोपाल कृष्ण गरुड़, (6327), जी० डी० (एन)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर, 1965)

सन् 1962 से फ्लाइट लेफ्टिनेंट गोपाल कृष्ण गरुड़ चित्र लेने वाली टोह स्क्वाड्रन के नेवीगेटर थे। फोटो लेने के लिये की गई टोह उड़ानें खतरे से पूर्ण होती हैं क्योंकि यह उड़ानें सदैव दिन में बिना अनुरक्षक के करनी पड़ती हैं। सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय उन्होंने सदैव कठिन मिशनों के लिये अपने को अर्पित किया तथा बहुत ही उपयोगी सूचनायें प्राप्त कीं। इन सूचनाओं ने योजना बनाने तथा संक्रियाओं को कार्यान्वित करने में बड़ा योगदान दिया।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट गोपाल कृष्ण गरुड़ ने सदैव उदाहरणीय साहस तथा उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया

56. फ्लाइट लेफ्टिनेंट गगांधर रगानाथ रेल्कर, (5928), जी० डी० (एन)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर 1965)

फ्लाइट लेफ्टिनेंट गंगाधर रगानाथ रेल्कर 1962 से चित्र लेने वाली टोह स्क्वाड्रन के नेवीगेटर थे। सितम्बर, 1965 की संक्रियाओं के समय उन्होंने अनेक मिशनों पर उड़ानें कीं और शत्रु की स्थितियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचनायें प्राप्त कीं। कठिन उड़ानों के लिये उन्होंने सदैव अपने को अर्पित किया और ऐसी अनेक संक्रियात्मक उड़ानें कीं। टोह उड़ानों से उनके द्वारा प्राप्त सूचनाओं ने हमारी योजना और संक्रियाओं के संचालन में बहुत बड़ा योगदान दिया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में, फ्लाइट लेफ्टिनेंट गंगाधर रंगानाथ रेल्कर ने उच्च कोटि के उदाहरणीय साहस और व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

57. 2/लेफ्टिनेंट रीत मोहिन्दर पाल सिंह, (ई० सी०–56709), लाईट कैवलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर, 1965

22 सितम्बर, 1965 को 2/लेफ्टिनेंट रीत मोहिन्दर पाल सिंह एक टैंक ट्रुप के लीडर थे, जिसे लाहौर क्षेत्र में एक शत्रु स्थिति पर अधिकार करने का आदेश हुआ था। शत्रु स्थिति से 400 गज की दूरी तक जाने पर वह शत्रु द्वारा बिछाई गई सुरंगों के पास पहुंचे। शत्रु गोला-बारी के बावजूद, वह अपने सैनिकों को सुरंगें बिछे हुए भूभाग के दूसरी ओर ले जाने के लिये एक उपयुक्त रास्ते की तलाश करने के लिये अपने टैंक से उतरे। यद्यपि शत्रु के एक विस्फोट के छाती तथा दाहिने हाथ में लगने से वह घायल हो गये थे, फिर भी उन्होंने अपना टोह कार्य पूरा किया। उन्हें पुनः एक गोला लगा जिससे उनका चेहरा भी बुरी तरह घायल हो गया।

इस कार्यवाही में, 2/लेफ्टिनेंट रीत मोहिन्दर पाल सिंह ने उच्च कोटि के साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर, 1965)

58. 1011043 लास दफादार ऊधन सिंह,
हडसन्स हार्स। **(मरणोपरान्त)**

22 सितम्बर, 1965 को जसोरन में अगस्त-सितम्बर 1965 की संक्रियाओं के समय जब हमारी पैदल सेना शत्रु की भारी गोला-बारी में आ गई तो लास दफादार ऊधन सिंह ने खराब भूमि से पैदा हुए सीमित प्रेक्षण के बावजूद अपने टैंक को आगे ले जाने का फैसला किया। यद्यपि उनका टैंक शत्रु के टैंकों की उभय दिशा से होने वाली गोला-बारी में आ गया फिर भी वह दो शत्रु टैंकों को तोड़ने में सफल हुए इसी बीच उनके टैंक पर भी शत्रु ने मार की जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई। उनकी कार्यवाही ने हमारी सैनिकों को कठिन स्थिति से बचने में सफल बनाया।

इस कार्यवाही में, लास दफादार ऊधन सिंह ने साहस तथा कर्तव्य परायणता का परिचय दिया जो सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप है।

59. 2551118 सिपाही भास्करन नायर,
मद्रास रेजिमेंट। **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—24 सितम्बर, 1965)

सिपाही भास्करन नायर मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन की कम्पनी में थे जिसे इच्छोगिल नहर के पास एक स्थान पर घुस आने वाले शत्रु को पीछे हटाने का कार्य सौंपा गया था। जब सिपाही नायर की कम्पनी शत्रु के सुस्थित बंकरों से होने वाली छोटे हथियारों की सही गोला-बारी में आ गई तो वह आगे बढ़े तथा तीन हथगोले फेंक कर शत्रु की तीन हल्की मशीन-गनों को शान्त कर दिया। जब वह चौथे शत्रु बंकर के पास पहुंचने वाले ही थे, तो एक शत्रु विस्फोट के लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

सिपाही भास्करन नायर ने सराहनीय साहस तथा पहल शक्ति का परिचय दिया।

60. जे० सी० –2431 सूबेदार नन्द किशोर,
कुमाऊं रेजिमेंट। **(मरणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-11 अक्तूबर, 1965)

11 अक्तूबर, 1965 को शत्रु ने हमारी प्लाटून की सामरिक महत्व की एक स्थिति को रौंद डाला। सूबेदार नन्द किशोर ने, जो कि अपनी कम्पनी के प्रवर जे० सी० ओ० थे, जवाबी हमला किया जो अंशतः सफल हुआ। इस कार्रवाई में वह घायल हो गये तथा उन्हें रेजिमेंट सहायता केन्द्र पर ले जाया गया। शीघ्र ही वह अपनी कम्पनी में सम्मिलित हो गये और एक घायल सिगनलर से पिस्तौल लेकर अपने साथियों को एकत्रित किया। उन्होंने आक्रमण में बाधक शत्रु की एक ब्राउनिंग मशीन-गन तथा एक ब्रेन हल्की मशीन-गन पर दो राकेट चलाये और ब्रेन लाईट मशीन गन तथा चालकों को नष्ट कर दिया। तब पिस्तौल हाथ में लिये उन्होंने शत्रु के मोर्चे पर आक्रमण के लिये अग्र-गमन किया। उसके थोड़ी ही देर पश्चात् उनके सिर तथा छाती में चोटें लगी और उनकी मृत्यु हो गई।

सूबेदार नन्द किशोर ने सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप साहस, नेतृत्व तथा पहल-शक्ति का परिचय दिया।

61. मेजर पूरन सिंह (आई० सी०-6391),
ग्रेनेडियर्ज। **(परणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-31 अक्तूबर, 1965)

मेजर पूरन सिंह राजस्थान में, लौंग रेंज सीमा गश्त की कमान कर रहे थे। 31 अक्तूबर, 1965 को प्रातः काल उनका खाईयों में सुस्थित शत्रु सैनिकों से सामना हो गया और उनकी कुछ सैन्य टुकड़ियां शत्रु के घेरे में आ गई। मेजर सिंह ने अपनी शेष अन्य टुकड़ियों को ऐसा संगठित किया कि शत्रु घेरे में आ गया। जब शत्रु ने भारी गोला-बारी आरम्भ कर दी तो मेजर सिंह ने अपने सैनिकों का अग्र-गमन कर इतनी प्रभावशाली जवाबी गोला-बारी की कि शत्रु अपनी स्थिति छोड़ कर पीछे हट गया। वह एक दूसरे मोर्चे पर लगातार तीन आक्रमणों को विफल करने में सहायक हुये। उसके बाद शत्रु के घेरे में आ जाने से वह वीरगति को प्राप्त हुए।

सम्पूर्ण संक्रिया में, मेजर पूरन सिंह ने सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप उदाहरणीय साहस तथा अविचलित दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

62. मेजर परनजीत सिंह ग्रेवाल, (आई० सी०–12007),
ग्रेनेडियर्ज।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-15 नवम्बर, 1965)

15/16 नवम्बर, 1965 की रात्रि को मेजर परनजीत सिंह ग्रेवाल राजस्थान में एक गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे। इस क्षेत्र को शत्रु ने अनाधिकृत रूप से दबा लिया था। अचानक गश्ती दल पर, मार्टरों तथा मशीन-गनों से शत्रु ने गोला बारी आरम्भ कर दी। उन्होंने रात्रि को अपने सैनिकों को शान्त रहने का आदेश दिया और अगली सुबह स्वयं उन्होंने शत्रु पर धावा बोलने का नेतृत्व किया। यद्यपि उनकी छाती में घाव हो गया था, फिर भी वह उस समय तक संक्रिया का निर्देशन करते रहे जब तक कि उन्हें पीछे न ले जाया गया तथा लक्ष्य के अधिकतर भाग से शत्रु का सफाया न कर दिया गया।

इस कार्यवाही में, मेजर परनजीत सिंह ग्रेवाल ने उच्च कोटि के उदाहरणीय साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

63. जे० सी० –9950 सूबेदार दीना नाथ,
ग्रेनेडियर्ज। **(परणोपरान्त)**

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-15 नवम्बर, 1965)

15 नवम्बर, 1965 को सूबेदार दीना नाथ राजस्थान में लौंग रेंज सीमा पेट्रोल की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। जब हमारे सैनिक एक अग्रिम बेस, पर, जिसको कि शत्रु ने अनाधिकृत रूप से दबा रखा था, पहुंचे तो उन्होंने शत्रु स्थिति, शक्ति तथा हथियारों के बारे में सूचना लाने के लिये स्वयं को अर्पित किया। वह अग्रिम चौकी पर पहुंचे तथा हथगोले फेंक कर बहुत से शत्रु सैनिकों को मार गिराया। एक शत्रु सैनिक को पकड़ते समय उनको एक गोली लगी तथा घटनास्थल पर ही वह वीर गति को प्राप्त हुये।

सूबेदार दीना नाथ के उच्च कोटि की सराहनीय साहस तथा कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

64. लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह, (आई० सी०–14790),
गढ़वाल राईफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-17 नवम्बर, 1965)

17/18 नवम्बर, 1965 को लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, जिसे राजस्थान के एक क्षेत्र में युद्ध-विराम के पश्चात् घुस आने वाले शत्रु को निकालने का आदेश हुआ था। रात भर मार्च करने के बाद बटालियन लक्ष्य के पीछे एक स्थान पर पहुंच गई। 18 नवम्बर, 1965 को 4 बजे प्रातः लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह की कम्पनी तथा बटालियन की एक दूसरी कम्पनी ने शत्रु स्थिति पर धावा बोल दिया। शत्रु के छोटे तथा स्वचालित हथियारों की गोला-बारी के बावजूद लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह आगे बढ़े तथा तब तक लड़ते रहे, जब तक कि शत्रु को लक्ष्य से न भगा दिया गया।

इस कार्यवाही में, लेफ्टिनेंट जसबीर सिंह ने उच्च कोटि के साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया।

65. 2/लेफ्टिनेंट गोपाल कृष्ण, (आई० सी०–14541),
मराठा लाईट इन्फेंट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-17 नवम्बर, 1965)

17/18 नवम्बर, 1965 को 2/लेफ्टिनेंट गोपाल कृष्ण उस बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, जिसे राजस्थान के एक क्षेत्र में युद्ध-विराम के पश्चात घुस आने वाले शत्रु को निकालने का आदेश हुआ था। रात भर मार्च करने के पश्चात 2/लेफ्टिनेंट गोपाल कृष्ण की कम्पनी तथा बटालियन की एक दूसरी कम्पनी ने शत्रु स्थिति पर धावा बोल दिया। बुरी तरह घायल हो जाने के बावजूद वह शत्रु की छोटे तथा स्वचालित हथियारों की भारी गोला-बारी पर भी अपनी कम्पनी का तब तक नेतृत्व करते रहे, जब तक कि शत्रु को लक्ष्य से खदेड़ न दिया गया।

इस कार्यवाही में 2/लेफ्टिनेंट गोपाल कृष्ण ने उच्च कोटि के साहस तथा नेतृत्व का परिचय दिया ।

66. 2744148 हवलदार शान्ताराम शिन्दे,
मराठा लाईट इन्फेंट्री । (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 17 नवम्बर, 1965)

हवलदार शान्ता राम शिन्दे उस बटालियन की एक कम्पनी की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे, जिसे राजस्थान के एक क्षेत्र में घुस आने वाले शत्रु को निकालने का आदेश हुआ था । लक्ष्य के पीछे एक स्थान पर पहुंचने पर उनकी प्लाटून ने छोटे तथा स्वचालित हथियारों की विरोधी भारी गोला-बारी के बावजूद शत्रु स्थिति पर धावा बोल दिया । हवलदार शिन्दे ने अकेले ही दो शत्रु बंकरों का सफाया कर दिया । शत्रु की हल्की मशीन-गन ने जब उनकी प्लाटून को आगे बढ़ने से रोका तो वह ग्रेनेड फेंकने के लिये शत्रु बंकर तक रेंगते हुए गये । जब वह ऐसा कर रहे थे तो शत्रु के एक ग्रेनेड के फटने से उनकी मृत्यु हो गई । परन्तु उस समय तक उन्होंने बहुत से शत्रु सैनिकों को मार दिया था तथा शेष बचने वालों ने आत्म-समर्पण कर दिया ।

हवलदार शान्ता राम शिन्दे ने उच्च कोटि के सराहनीय साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

67. 4036250 लांस हवलदार देव सिंह भंडारी,
गढ़वाल राईफल्स । (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-17 नवम्बर, 1965)

लांस हवलदार देव सिंह भंडारी उस बटालियन की एक कम्पनी के अग्रिम सेक्शन की कमान कर रहे थे, जिसे युद्ध विराम के पश्चात् राजस्थान के एक क्षेत्र में घुस आने वाले शत्रु को खदेड़ने का आदेश हुआ था । उनकी कम्पनी का आक्रमण शत्रु की एक भली प्रकार से स्थित तथा हमारे सैनिकों को अधिकाधिक संख्या में हताहत करने वाली हल्की मशीन-गन के कारण रुक गया । शत्रु के छोटे तथा स्वचालित हथियारों से होने वाली भारी गोलाबारी की परवाह न कर, हवलदार भंडारी रेंगते हुए शत्रु की हल्की मशीन-गन तक पहुंचे और एक हथगोला फेंक कर गनर को मार दिया । ऐसा करते समय उनके सिर में गोली लगी तथा उनकी मृत्यु हो गई ।

लांस हवलदार देव सिंह भंडारी ने उच्च कोटि के सराहनीय साहस, दृढ़ निश्चय तथा कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

सं० 73-प्रेज०/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरता के लिये 'अशोक चक्र, द्वितीय श्रेणी' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. स्क्वाड्रन लीडर विश्वनाथ बालकृष्ण सावर्देकर (4593),
जनरल ड्यूटीज (पायलट) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 सितम्बर 1965)

सितम्बर, 1965 की संक्रियाओं के समय स्क्वाड्रन लीडर विश्वनाथ बालकृष्ण सावर्देकर एक लड़ाकू टोह स्क्वाड्रन के साथ संक्रियात्मक ड्यूटी पर तैनात थे । 10 सितम्बर, 1965 को वह अपने साथी विमान-चालक के साथ एक हमले के लिये एक जेट ट्रेनर वायुयान से उड़ान लेने वाले थे जब अचानक हवाई मैदान पर शत्रु के चार विमानों ने हमला कर दिया जिसके कारण ट्रेनर वायुयान में आग लग गई । इससे पहले कि वह जलते हुए हवाई जहाज को छोड़ें । उनके साथी के कपड़ों मे आग लग गई । वह विमान से घिसट कर आगे बढ़ते ही बेहोश हो गये तथा केवल अपनी वर्दी के ऊपरी भाग को ही उतार सके । स्क्वाड्रन लीडर सावर्देकर पर भी चोटें आईं । इसी समय वायुयान के गोला-बारूद में आग लग गई । और वे फटने आरम्भ हो गये । स्क्वाड्रन लीडर सावर्देकर ने अपनी सुरक्षा की परवाह न कर अपने साथी के अब तक जलते हुए बाकी कपड़ों को अलग किया तथा जलते हुये जूतों और मोजों को भी उतारा । उसके बाद उन्होने अपने कपड़ों को अपने साथी के चारों ओर लपेट दिया और आग को शान्त कर दिया । इस प्रकार उन्होंने अपने साथी की जान बचाई ।

स्क्वाड्रन लीडर विश्वनाथ बालकृष्ण सावर्देकर ने उदाहरणीय साहस, मैत्री भावना तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया जो वायु सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप है ।

2. श्री प्रीत पाल सिंह ।
3. श्री किरपाल सिंह ढींगरा ।
4. श्री सतीश सूद ।
5. श्री अरुण खन्ना ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 फरवरी 1966)

14 फरवरी, 1966 को, 4 विद्यार्थी सर्वश्री प्रीत पाल सिंह, किरपाल सिंह ढींगरा, सतीश सूद, तथा अरुण खन्ना एक कार में सफर कर रहे थे और उन्होंने देखा कि उनके आगे जाने वाली एक कार में तीन व्यक्ति हाथापाई मे उलझे हुए हैं । थोड़ी ही देर बाद उन्होंने इनमें से एक व्यक्ति को कार से बाहर गिरते हुए देखा पर कार नहीं रुकी । यह अनुभव कर कि कोई सन्देहजनक बात है श्री प्रीत पाल सिंह तथा उनके साथियों ने शोर मचाया तथा कार का पीछा किया । अन्त में, वे उसको रोकने में सफल हुए तथा अपने को जोखिम में डाल कर कार में बैठे हुए व्यक्तियों में से एक को दबोच लिया । इसके पश्चात वे वापिस आये तथा कार में से गिरे हुए व्यक्ति को उठाया । घावों के कारण तबतक उसकी मृत्यु हो चुकी थी । तथा शनाख्त से पता चला कि वह पंजाब रोडवेज का एक कैशियर था ।

सर्वश्री प्रीत पाल सिंह, किरपाल सिंह ढींगरा, सतीश सूद तथा अरुण खन्ना ने, अपनी सुरक्षा की परवाह न कर, कार का पीछा करने तथा उसे रोकने में उच्च कोटि की वीरता तथा प्रशंसनीय पहलशक्ति का परिचय दिया ।

सं० 74-प्रेज०/66—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को वीरता के लिये "अशोक चक्र, तृतीय श्रेणी" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री अमर सिंह, वाचमैन ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 सितम्बर, 1965)

श्री अमर सिंह जम्मू एवं कश्मीर में एक वायु सेना स्टेशन में नियुक्त थे । अगस्त-सितम्बर, 1965 में पाकिस्तानियों की कश्मीर घाटी में घुसपैठ के समय वह गांव-गांव में गये तथा घुसपैठियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचनायें एकत्रित कीं । अनेक अवसरों पर श्री अमर सिंह ने सैनिक गश्ती दलों की घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाइयों का मार्ग प्रदर्शन किया । 7 सितम्बर, 1965 को, जब शत्रु वायुयानों ने हवाई अड्डे पर आक्रमण किया, तो श्री अमर सिंह ने जलती हुई इमारत के शस्त्रागार से हथियार तथा गोलाबारूद बाहर निकालने में सराहनीय कार्य किया ।

श्री अमर सिंह ने सराहनीय साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

2. श्री कांसी राम,
सिविलियन ड्राइवर, आर्मी सर्विस कोर से सम्बद्ध ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 सितम्बर, 1965)

श्री कांसी राम, 12 सितम्बर, 1965 को चड़वा में एक आर्मी सर्विस कोर की एक बटालियन के साथ ड्यूटी पर थे । उनकी गाड़ी गोला-बारूद से भरी हुई थी ।

उस क्षेत्र पर शत्रु ने हवाई हमला किया, जिसके कारण एक गाड़ी का क्लीनर मारा गया था तथा श्री कांसी राम घायल हो गये । शत्रु गोला-बारी एवं अपने घाव के बावजूद, श्री कांसी राम ने अपनी गाड़ी को खाली किया, क्लीनर के मृत शरीर को उठाया तथा अपनी गाड़ी को पीछे सुरक्षित स्थान में ले आये ।

श्री कांसी राम ने सराहनीय साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

3. श्री कंवल नैन,
सिविलियन ड्राईवर, हैडक्वाटर इन्फेंट्री ब्रिगेड से सम्बद्ध ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 सितम्बर, 1965)

13 सितम्बर, 1965 को श्री कंवल नैन गोलाबारूद से भरी हुई अपनी गाड़ी में सार्थ (कान्वाय) के साथ जा रहे थे जब शत्रु ने भारी गोला-बारी आरम्भ कर दी । कुछ गाड़ियां गोलों के लगने से जलने लगीं । जब कुछ ड्राइवरों ने अपनी गाड़ियां छोड़

दीं, श्री कंवल नैन अपनी सुरक्षा की परवाह न कर, अपनी गाड़ी को सुरक्षित स्थान पर ले गये। उसके पश्चात् अपनी सूझबूझ से वह तीन बार वापिस गये और तीन अन्य भरी हुई गाड़िया सुरक्षित स्थान पर ले आये।

सम्पूर्ण कार्यवाही में, श्री कंवल नैन ने उदाहरणीय साहस तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

4. श्री रोशन लाल,

सिवलियन ड्राईवर, राजपूताना राईफल्स से सम्बद्ध।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 सितम्बर, 1965)

स्यालकोट क्षेत्र में सितम्बर, 1965 की संक्रियाओं के समय श्री रोशन लाल राजपूताना राईफल्स की एक यूनिट के साथ सम्बद्ध थे तथा अग्रिम क्षेत्र में सामान एवं सेना को ले जाने का कार्य कर रह थे। 13 सितम्बर, 1965 को जब यूनिट की गोला-बारूद, पेट्रोल, तेल इत्यादि सामान ले जाने वाली गाड़ियों पर शत्रु ने भारी गोला-बारी की, जिसके परिणामस्वरूप विस्फोट होने लगे और आग लगने लगी तो श्री रोशन लाल अपनी सुरक्षा की परवाह न कर, भागकर अपनी गाड़ी पर गये और उसे सुरक्षित स्थान पर ले आये। वह वापिस गये और ऐसी कई गाड़ियां ले आये जिनके ड्राईवर उन्हें छोड़ गये थे। इस प्रकार उन्होंने लड़ाई के लिये अति आवश्यक साज-सामान को बचा लिया। पुनः, 15 सितम्बर, 1965 को, जब श्री रोशन लाल, संभरण चौकी से गोलाबारूद, पेट्रोल, तेल आदि एकत्रित कर अन्य गाड़ियों के साथ अपनी यूनिट की ओर आ रहे थे, तो शत्रु वायुयानों ने गाड़ियों पर भारी गोला-बारी की तथा नैपाम बम भी फेंके। जब कुछ ड्राईवर अपनी गाड़ियां छोड़कर चले गये, श्री रोशन लाल, शत्रु द्वारा लगातार बमबारी के बावजूद अपनी गाड़ी को चलाते रहे तथा इस प्रकार उन्होंने महत्वपूर्ण सामान को बचाया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में, श्री रोशन लाल ने साहस, पहल-शक्ति तथा कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

5. श्री अतुल कुमार हलदर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—18 सितम्बर, 1966)

18 सितम्बर, 1965 को डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन एक तेज बहने वाली नदी को कामचलाऊ प्रबन्ध से पार करने का अभ्यास कर रही थी। पानी की गहराई 15 से 20 फुट तक थी तथा भारी बर्षा हो रही थी। भारी मात्रा में सैनिक सामग्री ले जाने वाले कुछ बेड़े डूब गये। श्री अतुल कुमार हलदर ने, जो पास ही में मछलियां पकड़ रहे थे, सामान को निकालने में अपने को अर्पित किया। उन्होंने नदी में अनेकों बार गोते लगाये और डूबे हुए सामान का काफी भाग निकाल लिया। उसी रात्रि को सारा सामान न निकाल पाने के कारण दूसरे दिन सुबह भी अपने प्रयत्न जारी रखे तथा अन्ततः लगभग सारे सामान को अपने कुछ मित्रों की सहायता से निकाल लिया।

श्री हलदर द्वारा प्रदर्शित कुशलता एवं साहस बहुत ही सराहनीय है।

वाई० डी० गण्डेविया,
राष्ट्रपति के सचिव

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय

(सहकारिता विभाग)

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 20 सितम्बर 1966

सं० 7-3/66-सी० सी०—भारत सरकार ने नवम्बर 1962 में 50,000 से अधिक आबादी वाले सभी शहरों तथा नगरों में उपभोक्ता सहकारी भण्डारो का विस्तृत जाल बिछाने के लिए एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना शुरू की थी। मार्च 1966 के अन्त तक 7,649 प्राथमिक भण्डारों/शाखाओं सहित 246 थोक भण्डार स्थापित किए जा चुके थे। अवमूल्यन के परिणामस्वरूप, पहले से स्थापित किए जा चुके उपभोक्ता भण्डारों को और मजबूत बनाने और 1966-67 में 101 थोक भण्डार, 2,000 प्राथमिक भण्डार/शाखाएं और लगभग 60 बहुविभागी भण्डार स्थापित करने का एक त्वरित कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय किया गया था। इसके अतिरिक्त, सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों के उद्योगों में उपभोक्ता सहकारी समितियों के विकास के विशेष कार्यक्रमों को भी विस्तृत तथा सुदृढ़ किया जा रहा है।

2. इन कार्यक्रमों की सफलता अधिकतर अत्यावश्यक वस्तुओं की निर्बाध पूर्ति और सरकारी अभिकरणों तथा आम जनता से मिलनेवाले सहयोग पर निर्भर करेगी। अत्यावश्यक वस्तुओं का उचित मूल्यों पर समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता सहकारी समितियों का कारगर तथा स्थायी उपकरण के रूप में तुरन्त विकास करने हेतु व्यापक मार्गदर्शन सुलभ करने तथा उचित उपायों के बारे में सलाह देने के लिए उपभोक्ता सहकारी समितियों की एक केन्द्रीय सलाहकार समिति स्थापित करने का निर्णय किया गया है।

3. समिति का गठन निम्न प्रकार होगा :—

अध्यक्ष

1. मंत्री,
खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता।

उपाध्यक्ष

2. उप-मंत्री,
खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता।

सदस्य

3. श्री अन्नासाहब पी० शिन्दे,
उप-मंत्री,
खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता।
4. श्री टी० वी० आनन्दन,
संसद्-सदस्य।
5. श्री पी० आर० चक्रवर्ती,
संसद्-सदस्य।
6. श्री विश्वनाथ पाण्डेय,
संसद्-सदस्य।
7. डा० डी० एस० कोठारी,
अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,
नई दिल्ली।
8. श्री के० टी० चांदी,
अध्यक्ष,
भारत का खाद्य निगम,
मद्रास।
9. श्री बी० मजुमदार,
अध्यक्ष,
राष्ट्रीय सहकारी कृषि विपणन संघ,
नई दिल्ली।
10. श्री एल० सी० जैन,
अध्यक्ष,
कोआपरेटिव स्टोर लि०,
कनाट सर्कस,
नई दिल्ली।
11. डा० एस० आर० रानाडे,
अध्यक्ष,
राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ,
नई दिल्ली।

12. डा० एम० के० सक्सेना,
प्रादेशिक अधिकारी,
इन्टरनेशनल को-आपरेटिव एलायंस,
6, कैनिंग रोड,
नई दिल्ली ।

13. श्री सी० एम० रामचन्द्रन,
अवैतनिक सचिव,
चन्द्रशेखरपुरम कोआपरेटिव कंज्यूमर्स स्टोर लि०
कुम्बाकोनम,
मद्रास राज्य ।

14. श्री अमर सिंह हरिका,
अध्यक्ष,
स्टेट कोआपरेटिव कंज्यूमर्स फैडरेशन लि०,
सेक्टर 17, चंडीगढ ।

15 श्री पी० एल० टंडन,
अध्यक्ष,
हिन्दुस्तान लीवर लि०,
बम्बई ।

16 श्री नेहर सिंह,
अध्यक्ष,
हिमाचल प्रदेश सहकारी विपणन संघ,
दी माल, शिमला ।

17. सचिव, भारत सरकार,
सहकारिता विभाग,
खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

18. सचिव,
राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम,
नई दिल्ली ।

19. आयुक्त, सिविल सप्लाई,
वाणिज्य मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

20. योजना आयोग का एक प्रतिनिधि ।

21. वित्त मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

22. उद्योग मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

23. श्रम मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

24. निर्माण, आवास तथा नगर विकास मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

25. शिक्षा मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

26. खाद्य विभाग (खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय) का एक प्रतिनिधि ।

सदस्य-सचिव

27. श्री एन० पी० चटर्जी,
संयुक्त सचिव,
सहकारिता विभाग,
खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

4. समिति के विचारणीय विषय निम्नलिखित होंगे :—

(1) उपभोक्ता सहकारी समितियों के ठोस तथा समन्वित विकास के लिए उपायों की सिफारिश करना;

(2) सहकारी समितियों की प्रगति की विशेष रूप से संगठनात्मक, सम्भरण तथा वित्तीय पहलुओं के संदर्भ में समय-समय पर समीक्षा करना;

(3) कार्यक्रम में लोगों का अधिक सहयोग प्राप्त करने और उनकी पहल करने तथा नेतृत्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए उपाय सुझाना; और

(4) कार्यक्रम को चलाने के लिए अपेक्षित कार्यकर्त्ताओं के प्रशिक्षण प्रबन्धों की समीक्षा करना ।

5. समिति को किसी भी ऐसे मामले पर कार्यवाही करने के लिए उप समितियां गठित करने का अधिकार होगा, जो उसके अधिकार में आता हो ।

6. यह व्यक्ति जो पदेन के रूप में अथवा किसी विशेष पद पर होने के नाते समिति का सदस्य नियुक्त हुआ हो, यदि वह पदेन पद अथवा नियुक्ति पर नहीं रहता है, जैसी भी स्थिति हो, तो वह स्वतः ही समिति का सदस्य नहीं रहेगा । सभी आकस्मिक रिक्तियां उस प्राधिकारी या निकाय की सलाह से भरी जाएंगी जिसने स्थान रिक्त करनेवाले सदस्य को मनोनीत किया था ।

7. समिति की बैठकें समय-समय होती रहेंगी और छः महीनों में कम से कम एक बैठक अवश्य होगी ।

8. दो वर्षों के पश्चात् समिति पुनर्गठित की जाएगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रतिलिपि सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए ।

यह आदेश भी दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाए ।

एस० चक्रवर्ती, सचिव

शिक्षा मंत्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 19 जुलाई 1966

विषय :—अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्—संकल्प में संशोधन ।

सं० एफ० 1-2/64-टी०-2—समय-समय पर संशोधित (29 अक्तूबर 1964 तक), भूतपूर्व शिक्षा विभाग, भारत सरकार के संकल्प संख्या एफ० 16-10/44-ई०-III, दिनांक 30 नवम्बर, 1945 में आंशिक संशोधन करते हुए, राष्ट्रपति आदेश देते हैं कि निम्नलिखित धाराएं जोड़ दी जाएं अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की स्थापना से संबंधित संकल्प में संशोधन किए जाएं :—

(i) पैराग्राफ 3 की धारा (i) की उपधारा (क) को संशोधित करके इस प्रकार पढ़ा जाए :—

"(क) अध्यक्ष—कार्यभारी मंत्री, केन्द्रीय सरकार। (यदि किसी अवसर पर वह परिषद् की किसी बैठक की अध्यक्षता न कर सकें तो उपस्थित सदस्यों को अपने में से ही उसी विशेष बैठक के लिए अध्यक्ष चुन लेना चाहिए)" ।

(ii) पैराग्राफ 3 और पैराग्राफ 5 की धारा (i) की उपधारा (ख) (ii) में से "संयुक्त" शब्द को हटा दिया जाए ।

(iii) निम्नलिखित उपधारा को पैराग्राफ 3 की धारा (i) की उप-धारा (म) के बाद जोड़ दिया जाए :—

"(य) महानिदेशक, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (पदेन)" ।

आदेश

2. आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए ।

3. यह भी आदेश दिया जाता है कि सभी राज्य सरकारों, संघीय क्षेत्रों और भारत सरकार के मंत्रालयों को एक-एक प्रति भेज दी जाए।

ए० बी० अन्दोरमानी, संयुक्त शिक्षा सलाहकार

नई दिल्ली, दिनांक 28 सितम्बर 1966

सं० 22(11)/62 एस० आर०-II—इस मंत्रालय की अधिसूचना सं० 22(11) 62-एस० आर०-II—दिनांक 2 नवम्बर, 1966 के सिलसिले में, ब्रिगेडियर जे० एस० पैन्टल, भारत के महा सर्वेक्षक को ब्रिगेडियर गम्भीर सिंह के स्थान पर भूगोलिक राष्ट्रीय समिति का सदस्य नियुक्त किया जाता है।

सं० 22(22)/62 एस० आर०-II—इस मंत्रालय की अधिसूचना सं० 22(22)/62 एस० आर०-II, दिनांक 27 सितम्बर, 1966 के सिलसिले में, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्राणि विज्ञान-विभाग के प्रधान तथा प्रोफेसर डा० बी० आर० शेषाचर को प्रो० पी० माहेश्वरी के स्थान पर जीव-विज्ञान की राष्ट्रीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है।

एम० एम० मल्होत्रा, उप सचिव

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय

रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशालय

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 26 सितम्बर 1966

सं० ई० ई० 1-3/15/66—भारत सरकार श्रम और रोजगार मंत्रालय के संकल्प संख्या ई० पी०/ई० ई०-81/1/58, दिनांक 13 अक्तूबर 1958 के अनुसार अधिसूचना ई० पी०-81/1/58, दिनांक 19 जनवरी 1959 के अधीन रोजगार, समस्याएं नियुक्ति अवसर जुटाना और राष्ट्रीय रोजगार सेवाओं की कार्य प्रणाली से सम्बन्धित मामलों में श्रम और रोजगार मंत्रालय को सलाह देने के लिए भारत सरकार ने रोजगार की केन्द्रीय समिति का गठन किया था। अधिसूचना संख्या ई० ई०-81/1/62, दिनांक 7 नवम्बर 1962 के अधीन इस समिति का पुनर्गठन किया गया। क्योंकि उक्त समिति की कार्य अवधि समाप्त हो गई है, अतः भारत सरकार आगामी तीन वर्षों के लिए रोजगार की केन्द्रीय समिति का सहर्ष पुनः संगठन करती है और इस अधिसूचना की तारीख से आगामी तीन वर्षों के लिए उक्त समिति में कार्य करने के लिए अधोलिखित व्यक्तियों की नियुक्ति करती है :—

1. केन्द्रीय श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्री (अध्यक्ष)
2. आन्ध्र प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि (गृह/श्रम III विभाग)
3. असम सरकार के प्रतिनिधि (श्रम विभाग)
4. बिहार सरकार के प्रतिनिधि (श्रम और रोजगार विभाग)
5. गुजरात सरकार के प्रतिनिधि (शिक्षा और श्रम विभाग)
6. जम्मू और कश्मीर सरकार के प्रतिनिधि (वित्त विभाग)
7. केरल सरकार के प्रतिनिधि (स्वास्थ्य और श्रम विभाग)
8. मध्य प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि (श्रम विभाग)
9. मद्रास सरकार के प्रतिनिधि (उद्योग, श्रम और आवास विभाग)
10. महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि (उद्योग और श्रम विभाग)
11. मैसूर सरकार के प्रतिनिधि (श्रम और म्युनिसिपल प्रशासन विभाग)
12. उड़ीसा सरकार के प्रतिनिधि (श्रम, रोजगार और आवास विभाग)
13. पंजाब सरकार के प्रतिनिधि (श्रम और रोजगार विभाग)
14. राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि (श्रम और रोजगार विभाग)
15. उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि [श्रम (ख) विभाग]
16. पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिनिधि (श्रम विभाग)
17. श्री अनन्त प्रसाद शर्मा, संसद्-सदस्य (लोक-सभा)
18. श्री बालकृष्ण वासनिक, संसद्-सदस्य (लोक-सभा)
19. श्री टी० वी० आनन्दन, संसद्-सदस्य (राज्य-सभा)
20. श्री अर्जुन अरोड़ा, संसद्-सदस्य (राज्य-सभा)
21. श्री वीरेन्द्र अग्रवाल एम० ए० एल० बी० (अर्थशास्त्री) वेयर्ड रोड, फ्लैट नम्बर 4, लेडी हार्डिंग हास्पिटल, नई दिल्ली
22. प्रोफेसर के० एस० सोनाचलम (अर्थशास्त्री), अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष, अन्नामलाई विश्वविद्यालय
23. अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग आयोग के प्रतिनिधि
24. लघु उद्योग बोर्ड के प्रतिनिधि
25. भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधि
26. अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधि
27. हिन्द मजदूर सभा के प्रतिनिधि
28. भारतीय नियोजक संगठन के प्रतिनिधि
29. अखिल भारतीय औद्योगिक नियोजक संगठन के प्रतिनिधि
30. अखिल भारतीय निर्माता संगठन के प्रतिनिधि
31. अखिल भारतीय महिला परिषद् के प्रतिनिधि
32. निदेशक, व्यावहारिक जनशक्ति अनुसंधान संस्था, नई दिल्ली के प्रतिनिधि
33. संयुक्त सचिव, भारत सरकार एवं जनशक्ति निदेशक, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली
34. रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशक, नई दिल्ली
35. रोजगार निदेशक, रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशालय (सदस्य-सचिव)

ग० जगन्नाथ, अवर सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th September 1966

No. 61*A-Pres.*/66.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Uttar Pradesh Police :—

Name of the officer and rank

Shri Shiv Charan Singh,
Sub-Inspector of Police,
Agra District,
Uttar Pradesh.

Statement of services for which the decoration has been awarded.

On the 23rd February, 1966, on receiving information that the gang of dacoit Har Prasad was likely to commit a dacoity in village Harpari Garhi a police party was detailed to intercept them. The Police party under the leadership of Shri Shiv Charan Singh, Sub-Inspector of Police, located the gang but becoming aware of the presence of the police, the dacoits scattered. Shri Singh, however, decided to see if any of the dacoits had remained in the hide-out. As Shri Singh approached the door, he was fired at and wounded in the left arm and thigh. Undaunted by this sudden attack and the injuries he had received, Shri Singh rushed inside the hut and fired at dacoit Har Prasad injuring him. The dacoit rushed out and engaged the police party in a gun duel. Har Prasad and another dacoit who had been in the hut were killed in the ensuing encounter.

In this operation, Shri Shiv Charan Singh exhibited conspicuous gallantry, initiative and devotion to duty of a high order

2. This award is made for gallantry under rule 4(i) of the rules governing the award of Police Medal and consequently carries with it a special allowance admissible under rule 5, with effect from the 23rd February 1965.

No. 62-*Pres.*/66.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officers of the Punjab Police :—

Names of the officers and rank

Shri Harbhajan Singh,
Sub-Inspector of Police, 2nd Battalion,
Punjab Armed Police,
Punjab.

